संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 02 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



अनुपमा' फेम एक्ट्रेस रुपाली गांगुली ने बीजेपी ज्वाइन कर ली है। नई दिल्ली में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 09 अंकः 120 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। -भागवद्"

## मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं। -विवेकानंद"

# 'तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत'

= 'मैंने इस देश की क्षमता देखी है, जिसके आधार पर मैं अपनी गारंटी देता हूं, मेरी गारंटी खोखले वादे नहीं हैं: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**दावा**

8 आज संकल्प लें कि विकसित भारत बनाने के लिए हम विकसित गुजरात बनाने में कोई पीछे नहीं हटेंगे: पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**बनासकांठा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के बनासकांठा में विजय विश्वास सभा को संबोधित किया। गुजरात दिवस के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि ये दिन नए संकल्प और ऊर्जा का दिन है। उन्होंने कहा कि आइए आज संकल्प लें कि विकसित भारत बनाने के लिए हम विकसित गुजरात बनाने में कोई पीछे नहीं हटेंगे। पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों का उल्लेख किया और कहा 'मैंने इस देश की क्षमता देखी है, जिसके आधार पर मैं अपनी गारंटी देता हूं। मेरी गारंटी खोखले वादे नहीं हैं। वे मेरे अनुभव और भारत की प्रतिभा की समझ से उपजे हैं, जो मुझे विश्वास दिलाता है कि हम क्या हासिल कर सकते हैं।'

**हिंदुस्तान को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना के रहूंगा:** विजय विश्वास सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मैं गारंटी लेकर आया हूं और मेरी गारंटी है कि आने वाले मेरे तीसरे टर्म में मैं हिंदुस्तान को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना के रहूंगा। जब देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा तब उसकी समृद्धि, सामर्थ्य और उसका लाभ, वर्तमान पीढ़ी को भी मिलेगा और आपकी आने वाली पीढ़ी को मिलेगा।'

**कांग्रेस पर साधा निशाना:** इस बीच पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। कांग्रेस के चायवाला कमेंट पर पीएम मोदी ने कहा 2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा के मैदान में आया तो कांग्रेस के पास मुद्दे थे कि ये चाय वाला क्या करेगा। ये मेरा मजाक उड़ाते थे, लेकिन देश ने उनकी इस हरकतों को ऐसा जवाब दिया कि जो कभी 400 सीट लेकर बैठते थे वो 40 सीट पर आ गए।

## जब कांग्रेस ने चौकीदार पर भी उड़ाया था मजाक

पीएम मोदी ने 2019 के चुनाव को याद करते हुए कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि 2019 में उन्होंने कोई सबक नहीं लिया और कहा- 'चौकीदार चोर है और मोदी खून की दलाली करता है। भांति-भांति के झूठ फैलाए, लेकिन जनता ने फिर उनका हाल ये कर दिया कि वो अधिकृत रूप से विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं रहे।'

**पीएम मोदी का कांग्रेस को संदेश :** गुजरात से पीएम मोदी ने कांग्रेस को कड़ा संदेश दिया और आरक्षण को लेकर जमकर बोला।

उन्होंने कहा, 'कांग्रेस की जमात कान खोलकर सुन ले। ये मोदी है, मोदी जब तक जिंदा है- मैं कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल खेलने नहीं दूंगा। एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के गरीब... उनको जो आरक्षण मिला है, संविधान के तहत मिला है। बाबा साहेब के आशीर्वाद से मिला है। उसमें रत्ती भर भी कोई लूट नहीं सकता है। कांग्रेस की हिम्मत है तो घोषणा करके देख ले... मैं चुनौती देता हूं।'

## 'इंडी गठबंधन मानसिक दिवालियापन का शिकार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सपा नेता मारिया आलम के वोट जिहाद वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा हमला करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। भाजपा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में दो ऐसे सांप्रदायिक बयान इंडी गठबंधन के तरफ से आए हैं जो कानून के साथ चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। चाहे वो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे हो या चाहे वो सपा की नेता मारिया आलम खान है। यह लोग लोकतंत्र के पर्व के मौके पर नफरत और जहर की खेती कर रहे हैं। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी के नफरत के बाजार में सपा और टीएमसी भी अपनी नफरत की दुकान खोल रही है।

## सात फेरे लिए बिना हिन्दू शादी मान्य नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर साफ किया है कि हिन्दू रीति-रिवाज से की गई शादी तभी वैध होगी, जब इसमें शादी से जुड़ी रीतियों का पालन हो। हिंदू मैरिज एक्ट की धारा 7 के तहत इसमें सप्तपदी (सात फेरों जैसी रीति) का पालन होना चाहिए अन्यथा शादी मान्य नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में युवाओं को नसीहत भी दी है कि वो शादी की रीतियों को निभाये बिना पति-पत्नी का दर्जा हासिल करने की कोशिश न करें।

## दिल्ली आबकारी नीति है भाजपा का रचा घोटाला : केसीआर

**खम्मम (तेलंगाना):** दिल्ली के शराब घोटाले में अपनी बेटी के.कविता पर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव उन्हें निर्दोष बताया है। राव ने इस मामले में केंद्र सरकार के लगाए आरोपों का कारण आम आदमी पार्टी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के मुकाबले भाजपा को सशक्त बनाना है।

बीआरएस प्रमुख राव ने कहा कि उनकी बेटी के कविता निर्दोष है। इतने बड़े नेताओं को लंबे समय तक जेल में नहीं रखना चाहिए। केसीआर ने कहा कि भाजपा ने देश के हरेक मुख्यमंत्री को परेशान करके रखा है। लेकिन वह किसी भी तरह से अरविंद केजरीवाल और के.चंद्रशेखर राव को छू नहीं पा रहे थे। यह दोनों ही नेता मजबूती से अपनी सरकारें चला रहे थे। इसलिए उन्होंने दिल्ली के उप राज्यपाल के जरिये राजनीतिक फायदे के लिए एक साजिश रची।

## 'मोदी परिवार का हिस्सा होना अपराधियों के लिए सुरक्षा की गारंटी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कर्नाटक के राजनीति गलियारे में भूचाल आ गया है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कई अश्लील वीडियो सामने आए हैं। इसी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। अब प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। साथ ही पूछा कि क्या मोदी के राजनीतिक परिवार का हिस्सा होना अपराधियों के लिए सुरक्षा की गारंटी है?



**क्या है विवाद?**

प्रज्वल रेवन्ना वर्तमान में कर्नाटक की हासन से सांसद है। इस सीट पर उन्होंने 2019 में पहली बार जीत हासिल की थी। इससे पहले साल 2004 से 2019 तक एचडी देवेगौड़ा ने इस सीट से लगातार हासिल की थी। फिलहाल रेवन्ना हासन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार हैं। उनसे जुड़े अश्लील वीडियो 26 अप्रैल को हासन में हुए चुनाव से दो दिन पहले सामने आया था। 25 अप्रैल को महिला आयोग की अध्यक्ष ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से आपत्तिजनक वीडियो की एसआईटी जांच का आदेश देने का अनुरोध किया था। इसके बाद सरकार ने एसआईटी जांच का आदेश दिया था।

**सरकार को घेरा**

8 रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला

**जेडीएस ने प्रज्वल से दूरी बनाई:** वहीं, पुलिस ने रविवार को प्रज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के आरोपों के आधार पर मामला दर्ज किया है। प्रज्वल पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के पोते और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी के भतीजे हैं।

## दिल्ली-एनसीआरः 100 से ज्यादा स्कूलों को मिली बम की धमकी

### कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, कहीं दिखा डॉग स्क्वॉड तो कहीं बच्चों के लिए घबराए दिखे माता-पिता

**अफवाह**

8 दिल्ली पुलिस के साथ ही बम निरोधक दस्ता और अग्निशमन विभाग का दस्ता भी मौके पर पहुंचा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। बताया जा रहा है कि दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम की धमकी मिली। जिसमें डीपीएस, एमिटी, मदर मैरी स्कूल समेत कई बड़े स्कूल शामिल हैं। बम की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस के साथ ही बम निरोधक दस्ता और अग्निशमन विभाग का दस्ता भी मौके पर पहुंचा। स्कूलों में तलाशी अभियान चलाया गया। बताया जा रहा है कि अभी तक कुछ नहीं मिला है। दमकल विभाग ने बताया कि अब तक दिल्ली फायर सर्विस को स्कूलों में बम की धमकी के संबंध में 97 से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं। वहीं, जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि ये ईमेल कहां से भेजे गए हैं। प्राथमिक जांच में जानकारी सामने आई है कि धमकी का ईमेल रूस से आया है।

**दिल्ली के कई नामी स्कूलों को आया धमकी भरा ईमेल:** दिल्ली के द्वारका में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार स्थित मदर मैरी स्कूल में भी बम की धमकी मिली। वहीं, संस्कृति स्कूल और पुष्प विहार स्थित एमिटी स्कूल को भी ईमेल के जरिए धमकी दी

छावला के सेंट थॉमस, सरिता विहार के जीडी गोयनका, बाबा हरिदास नगर के एवरग्रीन पब्लिक स्कूल और द्वारका के सचदेवा ग्लोबल स्कूल को भी धमकी मिली है। दिल्ली के अलावा नोएडा के दिल्ली पब्लिक स्कूल को भी धमकी भरा ईमेल मिला। जिसके बाद पुलिस से लेकर स्कूल प्रशासन अलर्ट हो गया।

## 'जल्द होगा अमेठी-रायबरेली में उम्मीदवार के नाम का एलान'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की तैयारियां जोरों पर है। लेकिन अभी भी सभी की नजर अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा पर टिकी है। माना जा रहा है कि अगले 24-30 घंटे में इन दोनों सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कांग्रेस पार्टी कर सकती है। अमेठी में तो अचानक कांग्रेस कैंप में हलचल तेज हो गई है। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि कोई भी डरा हुआ नहीं है। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने पार्टी अध्यक्ष को अमेठी और रायबरेली सीटों पर उम्मीदवार घोषित करने का अधिकार दे दिया है। अगले कुछ घंटों में मल्लिकार्जुन खड़गे नाम पर फैसला लेंगे और एलान भी कर देंगे।

**'कोई डरा हुआ नहीं है' :** प्रेस वार्ता में जब उनसे नामों के एलान में देरी के पीछे किसी डर के बारे में पूछा गया तो जयराम रमेश ने कहा कि अभी देर नहीं हुई है।

भाजपा ने भी अभी तक रायबरेली से उम्मीदवार का एलान नहीं किया है। स्मृति ईरानी अमेठी से मौजूदा सांसद हैं। कोई डर हुआ नहीं है। पार्टी में उम्मीदवारी को लेकर विचार चल रहा है। तीन मई तक कोई देरी नहीं हुई है।

## 'सच्चाई जल्द सामने आएगी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरू:** विवादों में फंसे प्रज्वल रेवन्ना की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। हासन से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने ट्वीट किया कि चूंकि मैं पूछताछ में शामिल होने के लिए बंगलूरू में नहीं हूं, इसलिए मैंने अपने वकील के माध्यम से बेंगलुरु को सूचित कर दिया है। सच्चाई जल्द ही सामने आएगी। प्रज्वल का नाम 'अश्लील वीडियो' मामले में सामने आया है। इससे पहले जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एचडी रेवन्ना, उनके बेटे और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को नोटिस जारी किया था। नोटिस कथित यौन उत्पीड़न के मामले में जारी किया गया था। दोनों को जांच के लिए एसआईटी के सामने पेश होने को कहा गया था। दरअसल, रेवन्ना के घर में काम करने वाली एक महिला की शिकायत पर रविवार को हासन जिले के होलेनरसिपुरा थाने में एक मामला दर्ज किया गया था।



## डीप फेक वीडियो पर कोर्ट में 2 मई को सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के मकसद से सर्कुलेट हो रहे डीप फेक वीडियो पर रोक की मांग को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील जयंत मेहता ने कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने कल यानी 02 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। वकीलों के एक संगठन की ओर से दायर याचिका पर अधिवक्ता जयंत मेहता ने लोकसभा चुनाव के दौरान डीप फेक वीडियो पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग की।



हाई कोर्ट ने निर्वाचन आयोग के वकील को भी इस बारे में निर्देश लेकर कल कोर्ट को अवगत कराने को कहा। याचिका में कहा गया है कि डीपफेक वीडियो हटाने में समय लगता है लेकिन तब तक सम्बंधित व्यक्ति का काफी नुकसान हो चुका होता है। डीफ फेक वीडियो से गलत नैरेटिव काफी तेजी से फैलता है। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट ऐसे मामलों से निपटने में सक्षम है लेकिन कार्रवाई होने में काफी समय लगता है। हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का एक डीप फेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

**मांग**

8 वकील ने कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की

## कोविशील्ड से दुष्प्रभाव का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत में कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड के दुष्प्रभावों और इसके जोखिम की जांच करने के लिए कमेटी बनाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। वकील विशाल तिवारी ने दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज और एम्स के डायरेक्टर की निगरानी में एम्स के विशेषज्ञों का एक पैनल गठित करने का निर्देश देते हुए उस कमेटी को कोविशील्ड के दुष्प्रभावों की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि कोरोनाकाल में टीकाकरण अभियान के परिणामस्वरूप कई लोग गंभीर रूप से विकलांग हुए या जिनकी मौत हुई है, उन लोगों के लिए मुआवजे की व्यवस्था की जाए।

## धर्म के आधार पर आरक्षण का जिक्र कांग्रेस के न्याय पत्र में नहीं हैं: जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आरोपों का जवाब देते हुए कांग्रेस के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि अक्सर भाजपा आरोप लगाती रहती है कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण करना चाहती है लेकिन यह कांग्रेस के न्याय पत्र में नहीं हैं। जयराम रमेश बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। जयराम रमेश ने कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश में मुस्लिमों को दिए जाने वाले आरक्षण के बार में स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि वह भी हमने धर्म या मजहब के आधार पर नहीं दिया था। बल्कि 1994 में कर्नाटक में सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़ेपन के आधार पर एक रिपोर्ट मिली थी। उस आधार पर मुस्लिम तबके के पिछड़े वर्ग के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। रमेश ने जोर देकर कहा कि संविधान के अनुसार आरक्षण सिर्फ सामाजिक व शैक्षणिक तौर पर कमजोर वर्ग को दिया जा सकता है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। जयराम रमेश ने कहा कि यह भी कि कांग्रेस 50 प्रतिशत की सीमा हटाकर एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण देना चाहती है, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। अगर भाजपा को यह स्वीकार्य नहीं है तो वह स्पष्ट करे।



रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार उतारे जाने में हो रही देरी पर भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए कांग्रेस के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि 24 घंटे के भीतर रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार के बारे में घोषणा कर दी जाएगी।

**सस्पेंस जारी** गोल्डी को अमेरिका में गोली मारी गई है, गोल्डी की हत्या की जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है

## अमेरिका में गोल्डी बराड़ के मारे जाने की खबर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: पंजाबी गायक सिद्धू** मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ मारा गया है। सूत्रों के अनुसार, उसे अमेरिका में गोली मारी गई है। गोल्डी की हत्या की जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है।

**पंजाब पुलिस में थे बराड़ के पिता:** गोल्डी बराड़ का असली नाम सतिंदरजीत सिंह है। जन्म 1994 में पंजाब के मुक्तसर साहिब जिले में हुआ। बता दें कि गोल्डी बराड़ के पिता पंजाब पुलिस से रिटायर्ड उप निरीक्षक हैं। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद उसका नाम मीडिया में चर्चा में है। हालांकि इससे पहले भी वह कई वारदात कर चुका था। चंडीगढ़ में चचेरे भाई गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद गोल्डी बराड़ ने अपराध की दुनिया में कदम रखा। चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित एक क्लब के बाहर 11 अक्तूबर 2020 की रात पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) के छात्रनेता गुरलाल बराड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



**दावा**

8 सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद उसका नाम मीडिया में चर्चा में है। इससे पहले भी वह कई वारदात कर चुका था

**गोल्डी का चचेरा भाई गुरलाल था लॉरेंस का नजदीकी :** गोल्डी बराड़ का चचेरा भाई गुरलाल बराड़ लॉरेंस बिश्नोई का सबसे करीबी था। गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद लॉरेंस गैंग ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अब नई जंग की शुरूआत है, सड़कों पर खून नहीं सूखेगा। इस बीच गोल्डी बराड़ स्टडी वीजा पर कनाडा पढ़ाई करने जा चुका था। मगर गुरलाल की हत्या के बाद वह जरायम की दुनिया में कूद पड़ा।

कनाडा से ही गोल्डी ने हत्याओं की साजिश रचनी शुरू की और कई वारदातों को अपने गुर्गों से अंजाम दिलवाया। इन्हीं में एक वारदात थी गुरलाल सिंह की हत्या। 18 फरवरी 2021 को पंजाब के फरीदकोट में जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गुरलाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

# घमंडिया गठबंधन विश्वास के लायक नहीं: सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/अंबाला :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सुरक्षित भारत और विकसित के लिए तीसरी बार भी मोदी जी को ही प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट करें। अंबाला से बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया की नामांकन सभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। कहा कि घमंडिया गठबंधन विश्वास के लायक नहीं है। कांग्रेस और उसके सहयोगी गठबंधन झूठे वादे कर लोगों को बरगलाते हैं। इनके झूठे वादे से देश का विकास नहीं हो सकता है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दस वर्षों में हमारी सरकार की वजह से अंबाला लगातार विकास कर रहा है। दस वर्षों में अंबाला में काफी विकास कार्य हुए है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि आप सभी बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया को 5 लाख के वोटों से जीता कर भेजें। हमें पूरे हरियाणा में बीजेपी के कमल को खिलाना है। इसके लिए प्रत्येक घर में जाकर बीजेपी को वोट देने के लिए उत्साहित करना होगा। इस बार बीजेपी को चार सौ सीटों पर विजय दिलानी है। इसमें हरियाणा अपनी अहम भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी की वजह से हरियाणा भी विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी को जीता कर हमें विकसित भारत और विकसित हरियाणा का निर्माण करना है। आज सारे देश में मोदी लहर है।
**बंतो कटारिया ने मांगा लोगों का समर्थन:** लोकसभा उम्मीदवार बंतो कटारिया ने लोगों से समर्थन मांगते हुए कहा कि भाजपा ने देश के हित में काम किया है और आगे भी देश हित में काम करने के लिए वे लोगों का समर्थन मांग रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से लोगों का समर्थन पार्टी को मिल रहा है,उसे साफ है कि 4 जून को 400 से ज्यादा सीटों के साथ भाजपा सरकार बनाने जा रही है। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, हरियाणा के मंत्री कंवरपाल गुर्जर, असीम गोयल, लतिका शर्मा, संतोष चौहान सारवान, राजीव डिंपल, मनदीप राणा, बलवंत सिंह साढौरा, राजवीर सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष राजेश लाडी, यमुनानगर के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा मुख्य रूप से मौजूद थे।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र से कांग्रेस के सहयोगी ही सहमत नहीं : अनिल विज

प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं भाजपा विधायक अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस का ना कोई नेता है और ना ही उसकी कोई नीति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नियत के बारे में पूरा देश जानता है कि जब-जब कांग्रेस का मौका मिला उसने देश को लूटने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र पर उसके घटक दलों ने ही हस्ताक्षर नहीं किए,क्योंकि वह इससे सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने चुनाव घोषणा पत्र को अपने दम पर लागू नहीं करवा सकती, क्योंकि चुनाव घोषणा पत्र लागू करवाने के लिए संसद में आधे से ज्यादा सांसदों का समर्थन चाहिए और कांग्रेस जब इतनी सीटों पर चुनाव ही नहीं लड़ रही है तो वह जीतेगी कैसे?

### कांग्रेस-भाजपा सरकारों के कार्यों का आकलन कर मतदान करें : शेखावत

**केंद्रीय** जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जब हम लोग मतदान की बात करते हैं, तो हमें कांग्रेस और भाजपा सरकार के कार्यों की तुलना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी की सत्ता आने से पहले देश में दो तरह की खबरें सुर्खियों में रहती थी। एक तो घोटाले की और दूसरी आतंकवाद की। कांग्रेस शासन में देश में लाखों करोड़ों रुपए के अनेक घोटाले हुए और देश दुनिया के सबसे पांच कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देशों में शामिल हो गया। बेशक देश आर्थिक तौर 11 वें स्थान था, लेकिन देश के हालात यह थे कि हमें कच्चा तेल लेने के लिए कुछ न कुछ गिरवी रखना पड़ता था। सीमा पर पाकिस्तान और चीन हर रोज भारत के अंदर घुसकर समस्याएं पैदा कर रहे थे। जब गरीबों के लिए कुछ दिया जाता था तो बिचौलिए हड़प जाते थे। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार ने सत्ता में आने के बाद योजनाबद्ध ढंग से गरीबों के लिए नीतियां बनाई और उन्हें लागू किया,जिनका परिणाम यह निकला कि देश के 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आ गए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह चुनाव उस सरकार को समर्थन देने का है जिसने देश की समस्याओं का स्थाई समाधान करने का काम किया है। धारा 370 के कारण कश्मीर में हर रोज लोग मर रहे थे कश्मीर में 48000 लोग शहीद हुए, लेकिन धारा 370 खत्म होने के बाद वहां पर शांति कायम हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सनातन धर्म पर शुरू से हमले होते रहे हैं, वह चाहे मुगलों ने किए हों या अंग्रेजों ने, लेकिन भाजपा ने हर उस काम को किया है जिससे सनातन धर्म मजबूत हुआ है।

# संत दर्शन हमारे लिए तीर्थ दर्शन होते हैं: मनोहर लाल




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** जींद के पिल्लू खेड़ा के गांव भूराण में संत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि संतो के दर्शन हमारे लिए तीर्थ दर्शन की तरह होते हैं। संतों का स्मरण करने मात्र से आदर के भाव जागृत होते हैं। संतों के जीवन में 12 महीने ही बसंत होता है, हम जब भी उन्हें याद करते हैं उनकी अच्छी बातें सामने आती है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी संस्कारित बनें इसके लिए भाजपा सरकार ने संतों, महापुरूषों की जयंतियां मनाने की परम्परा को शुरू किया है। मनोहर लाल ने संत धन्ना भगत जयंती की पूरे समाज को बधाई दी। चुनावी समय होने के कारण मनोहर लाल ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई, वहीं कांग्रेस पर एक के बाद एक करारे हमले बोले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र धर्म का निवर्हन करते हुए देश को आगे बढ़ा रहे हैं, वहीं राहुल गांधी अपनी दादी के गरीबी हटाओ के नारे को साथ लेकर आगे बढ़ने की परम्परा को ढो रहे हैं। कांग्रेस का मकसद गरीबी को साथ लेकर चलते रहना है, ताकि वोट बैंक बना रहे। मनोहर लाल ने कहा कि हम धर्म और संस्कारों की बातें करते हैं, तो कांग्रेस को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि हमारा धर्म है कि भौतिक सुख-सुविधाओं के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण भी करें। अगर हमने व्यक्तित्व निर्माण नहीं किया तो सारा का सारा भौतिक निर्माण बेकार है। विपक्ष की सरकारों ने लोगों को अच्छा नागरिक बनाने व संस्कारित करने का काम नहीं किया। कांग्रेस का मकसद सिर्फ एक ही होता है वोट बैंक बनाना, जबकि भाजपा का लक्ष्य लोगों को संस्कार देकर अच्छा नागरिक बनाना है। कांग्रेस को निशाना पर लेते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को धार्मिक बातों से सदा दूर रखा है।

### 'सनातन जैसी परम्परा दुनिया में कहीं नहीं'

**धन्ना** भगत जयंती कार्यक्रम के संयोजक व राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि देश की जो परम्परा है वह संत परमपरा है। भारत वर्ष की सनातन परम्परा जैसी परम्परा दुनिया में कहीं नहीं है। संतों की इस परम्पर को हरियाणा में आगे बढ़ाने का काम पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया है। यहां मनोहर लाल को चौधरी मनोहर लाल बोलते हुए श्री बराला ने कहा कि मनोहर लाल ने हरियाणा की चौधर को मजबूत किया है। जन्म और कर्म से किसान होते हुए पूर्व सीएम मनोहर लाल ने किसानों को तो याद रखा।

## न्यूज फ्लैश

### नागरिकों के साथ-साथ पशुओं को भी हीटवेव से बचाना जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ : हरियाणा राजस्व** एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आमजन के साथ-साथ पशुधन को भी हीट-वेव से बचाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गर्मी व लू से बचने के लिए नागरिकों के साथ ही पशुधन को भी गर्मी से बचाव करना है। पशुओं को भी दोपहर के समय बाहर व खेत में ले जाने से बचें।
**पशुधन को हीट वेव से बचाव के लिए सावधानी बरतना जरूरी** : उन्होंने बताया कि पशु पालन विभाग को पशुओं का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। आमजन के साथ-साथ पशुओं के पीने के पानी के लिए ट्यूबवेल आदि का भी प्रबंध किया जाए। मवेशियों की सुरक्षा के लिए हीटवेव एक्शन प्लान तैयार करें। गर्मी की स्थितियों के दौरान पशुओं में आने वाली बीमारियों के लक्षण व उससे बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करें। पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाए और साथ ही केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं का भंडार सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में किसानों एवं पशुपालकों के पशुओं पर भी प्रभाव पड़ता है और उन्हें गर्मी से बचाने की आवश्यकता होती है। इसी परिप्रेक्ष्य में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा किसानों एवं पशु पालकों को सलाह दी गई है कि गर्मियों के दिनों में अपने पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए उचित उपाय और प्रबंधन

### राणा बलजीत चहल ने की कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के साथ बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
राणा बलजीत सिंह चहल जी ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के साथ लोक सभा के चुनाव के बारे में चर्चा की और राहुल गांधी जी पांच न्याय गारंटी को घर घर पहुंचाने के लिए विचार चर्चा की और कांग्रेस की मजबूती के लिए,हर एक कार्यकर्ता और युवा शक्ति दिन रात एक करेगी और हरियाणा में कांग्रेस सभी सीटों पर अच्छी परफोर्मेस करेंगी। राणा चहल जी ने प्रेस से साथ बातचीत करते कहा कि हाई कमाड ने जो संदेश दिया उसे राहुल गांधी जी की पांच न्याय गारंटी को घर घर तक पहुंचाने के लिऐ युवा शक्ति दिन रात एक करेंगी ।हर कार्यकर्ता पार्टी की शानदार जीत के लिऐ कोई कसर नई छोड़ेगा उन्होंने कहा हैं ।की देश की जनता अब धर्म के नाम पर राजनीति करने वालो से तोबा कर चुकी हैं ।ऐसे में लोक सभा चुनावों के दौरान देश भर में कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी शक्ति उभरेगी ।उन्होंने ने कहा कि बीजेपी जिस तरह किसानों के साथ वादा करके आई थी। की किसानों को आयु दुगनी करेगी ।और किसानों को बदले में तीन काले कानून लाई। कांग्रेस सरकार किसानी के मसले हल करने के लिऐ वचन वद हैं पहल के आधार पर किसानों के मसले हल होगे ।उन्होंने कहा हैं कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अपनी ज़िमेदारी निभायेगा और कांग्रेस की जीत यकीनी होगी

### ऐलनाबाद के मिठनपुरा सरपंच सहित अनेक भाजपा में शामिल

**सिरसा,1 मई(हि.स.)।** ऐलनाबाद विधानसभा के गांव मिठनपुरा से सरपंच अजय सोलंकी, मेघाराम सोलंकी, भूराराम, रोहतास छिम्पा, मांगेराम छिम्पा, छोटूराम भाम्भू, लाला राम नायक, लीलूराम, सतनाम सिंह आदि अनेक युवाओं बुजुर्गों को आज भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष निताशा राकेश सिहाग ने भाजपा में शामिल करवाया। निताशा सिहाग ने भाजपा में शामिल होने वाले सरपंच अजय सोलंकी व अन्य सभी कार्यकताओं को आश्वासन दिया कि पार्टी में उनको पूरा सम्मान मिलेगा। निताशा ने कहा कि भाजपा में कार्यकताओं व उनके द्वारा किए गए कार्यों को अनदेखा नहीं किया जाता। कार्यकर्ता अपने कार्य व मेहनत के दम पर किसी भी उच्च पद तक पहुंच सकता है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था केवल भाजपा में ही है। जिलाध्यक्ष निताशा राकेश सिहाग ने कहा कि भाजपा के बढ रहे कुनबे से दूसरी पार्टियों के पसीने छूट रहे है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में पिछले 10 सालों से भाजपा सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों व जनहितैषी योजनाओं के चलते आज अंतिम छोर तक के नागरिक को भी लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि नौकरी की बात हो या फिर विकास की भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के कार्य किए है।

# पुत्र मोह में भाजपा का साथ दे रहे हैं हुड्डा: दुष्यंत




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पुत्र मोह के चलते भाजपा का साथ देकर पूरी कांग्रेस का बलिदान दिया है, यह बात जनता समझती है और मत से इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अंदरूनी कलह जगजाहिर है। बुधवार को पूर्व डिप्टी सीएम फरीदाबाद में जेजेपी प्रत्याशी नलिन हुड्डा के नॉमिनेशन फाइल और चुनावी कार्यालय उद्घाटन के कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। इसके उपरांत दुष्यंत चौटाला ने गुड़गांव में जेजेपी प्रत्याशी राहुल यादव फाजिलपुरिया द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय चौटाला ने लंबे काफिले के साथ पहुंचकर जेजेपी प्रत्याशी का नामांकन भरवाया। बुधवार को जेजेपी ने गुड़गांव और फरीदाबाद के अपने दोनों युवा प्रत्याशी का नॉमिनेशन भरवाकर नामांकन प्रक्रिया का आरंभ किया। वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी फरीदाबाद और गुड़गांव की पावन धरा से जेजेपी प्रत्याशी का नामांकन दाखिल कर पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन भरने की शुरूआत कर दी है और छह मई तक सभी जेजेपी लोकसभा प्रत्याशियों का नामांकन भरवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने उम्मीदवारों की सूची में अन्य पार्टियों के मुकाबले सबसे ज्यादा युवा, महिला वर्ग को प्राथमिकता दी है ताकि दिल्ली में हरियाणा की आवाज मजबूती के साथ उठाई जा सके।

# बाल विवाह रोकने के लिए उठाए जाए कारगर कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
**महिला** एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा बाल विवाह निषेध अधिकारियों को विशेषकर अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए गए है। यदि कहीं पर भी बाल विवाह किए जाने की सूचना मिलती है तो उस पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग अन्य विभागों के साथ पूर्ण तालमेल से कार्य करेंगे और राज्य में बाल विवाह पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य के लिए बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा पुलिस कंट्रोल रूम के नम्बर 112 व 100 चाईल्ड हैल्प लाईन नम्बर, 1098, महिला हैल्प लाईन के नम्बर 1091 बारे आम जन को जागरूक किया जा रहा है ताकि आवश्यकता होने पर नागरिक इनका उपयोग कर सके। प्रवक्ता ने बताया कि आमतौर पर अखा तीज पर सामाजिक प्रथा अनुसार लोगों द्वारा बड़ी संख्या में शादियों का आयोजन किया जाता है। इसलिए जागरूकता के अभाव में कोई भी बाल विवाह नहीं होना चाहिए। जो कि कानूनी रूप से अपराध है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार लडकी की शादी 18 वर्ष व लडके की शादी 21 वर्ष से पहले नही होनी चाहिए। एक्ट के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाती है, जिसके तहत 2 साल की जेल व एक लाख रुपए तक के जुमार्ने का भी प्रावधान है। नागरिकों से अपील है की झूठी शिकायत न करें। अगर कोई झूठी शिकायत करता है तो ऐसी व्यक्ति के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलों के सामुदायिक केन्द्र, सार्वजनिक भवन, बैंकट हाल, मैरिज पैलेस इत्यादि के मालिक अथवा प्रभारियों से भी अपील की जाती है कि वे उनके यहां आयोजित होने वाले विवाह समारोह के सम्बन्ध मे दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्र की जांच कर लें और आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास भी रख लें ताकि उनके यहां बाल विवाह का आयोजन न हो सके। बाल विवाह की रोकथाम के लिए विवाह करवाने वाले पुजारी, गावं के पंच, सरंपच व नम्बरदार तथा शहरो में नगर पार्षद भी अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह अनुष्ठान के बारे में अपने स्तर पर दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्र की अवश्य जांच करें और बाल विवाह पाये जाने की सूचना प्रशासन एवं विभाग को देना सुनिश्चित करें।

**बैठक**

**8 महिला एवं बाल विकास विभाग तथा बाल विवाह निषेध अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

### बोर्ड अध्यक्ष ने किया जिला-हिसार के अंकन केन्द्रों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित करवाई गई सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की वार्षिक परीक्षा-2024 की उत्तरपुस्तिकाओं का अंकन कार्य किया जा रहा है। गत 27 अप्रैल से आरम्भ हुए इस अंकन कार्य हेतु प्रदेशभर में 71 अंकन केन्द्र स्थापित किए गए है। जिला-हिसार के गुरू नानक देव कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाऊन व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पटेल नगर तथा उप-मण्डल हाँसी के मुंशीराम मेवा देवी इन्टरनैशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित अंकन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

# फाजिलपुरिया समेत दो ने भरे नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम:** गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के लिए जारी नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन बुधवार को दो प्रत्याशी व एक कवरिंग कैंडिडेट ने अपना पर्चा दाखिल किया। साथ ही दो प्रत्याशी ने अपना दूसरा सेट जमा कराया। गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि बुधवार को जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी राहुल यादव पुत्र रामबीर व एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी के प्रत्याशी श्रवण कुमार ने अपना नामांकन भरा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को जननायक जनता पार्टी की ओर से राहुल यादव पुत्र नरेश कुमार ने बतौर कवरिंग कैंडिडेट पर्चा भरा है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह व एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी के प्रत्याशी श्रवण कुमार ने नामांकन का अपना दूसरा सेट जमा कराया है। उन्होंने बताया कि छह मई तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, इस बीच 5 मई को रविवार का अवकाश रखा गया है। नामांकन पत्र की 7 मई को सुबह 11 बजे जांच होगी। 9 मई को दोपहर 3 बजे तक तक उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। इसके उपरांत 9 मई को ही दोपहर 3 बजे चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। नामांकन लघु सचिवालय स्थित डीसी कोर्ट रूम में लिए जाएंगे।

# 'चुनाव ड्यूटी निष्ठापूर्वक निभाएं कर्मचारी व अधिकारी'



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना चुनाव आयोग, हरियाणा मुख्य निर्वाचन कार्यालय और जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह तभी संभव है जब बूथ पर मौजूद प्रत्येक अधिकारी अपने कार्य का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करे। संबंधित अधिकारी चुनाव के लिए शारीरिक रूप के साथ-साथ अपने आप को मानसिक रूप से भी तैयार रखें। लोकसभा आम चुनाव हमारे लिए खुद को बेहतर साबित करने व आत्मसंतुष्टि का सुखद अवसर है। अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनाव सामग्री को संभालने के बाद पीठासीन अधिकारी अपने बूथ पर जाकर सबसे पहले बूथ का निरीक्षण करना चाहिए। बूथ के अंदर किसी राजनेता की तस्वीर नहीं होनी चाहिए। कोई तस्वीर है तो उसे ढक दें या फिर कहीं और रखवा दें। मतदान केंद्र में ईवीएम मशीन का स्थान खिडकी से दूर होना चाहिए। जिससे कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। यह ध्यान रखे कि प्रत्येक मतदाता ईवीएम का बटन स्वयं दबाए।
कोई मतदाता कुछ पूछता है तो उसका जवाब बूथ पर नियुक्त पोलिंग पार्टी के सदस्य दे सकते हैं। मतदाता के साथ कोई दूसरा आदमी ईवीएम के समीप ना जाए। उन्होंने बताया कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि मतदान सुबह सात बजे शुरू हो जाना चाहिए। इसलिए अपनी मॉक पोल की प्रक्रिया सुबह 5.30 बजे शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक जारी रहेगी। इस समय कुछ मतदाता कतार में लगे हुए हैं तो उनको लाइन में पीछे खड़े मतदाता को पर्ची क्रमांक एक से शुरू कर पहले व्यक्ति तक पर्ची नंबर बांट दें। जिससे कि और आदमी लाइन में लगकर खड़े ना हों।

**निर्देश**

**8 संबंधित अधिकारी चुनाव के लिए शारीरिक रूप के साथ-साथ अपने आप को मानसिक रूप से भी तैयार रखें**

# 24 पूर्व पार्षदों ने थामा कांग्रेस का दामन



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/अंकुश जैन** हरियाणा कांग्रेस में जॉइनिंग का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा ने 24 पूर्व पार्षदों को कांग्रेस में शामिल करवाया। सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस का दामन थामा। दोनों ने नेताओं ने पूर्व पार्षदों का पार्टी में हार्दिक स्वागत किया और उन्हें पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। आज पूर्व अशोक शर्मा (प्रेजिडेंट म्युनिसिपल कॉरपोरेशन, जगाधरी), कश्मीरी लाल मल्होत्रा (प्रेजिडेंट म्युनिसिपल कॉरपोरेशन, जगाधरी), संगीता अग्रवाल (प्रेजिडेंट म्युनिसिपल कॉरपोरेशन, यमुनानगर), पूर्व पार्षद जगदीश उर्फ बल्लू, सरवन कुमार, ललित कुमार, राजेश राठौर, श्री प्रदीप, सुनीता मल्होत्रा, राज दुलारी, सोमनाथ कपूर, हरविंदर सिंह भाटिया, महेंद्र कंबोज, नरेंद्र धीमान, रतनलाल सैनी, आनंद राव बंटी, रामनाथ धीमान, सत पाल, अमर सिंह बिल्ला, हरजिंदर कौर और पूनम रानी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने पूरी मेहनत और तत्परता के साथ कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए चुनाव में युद्ध स्तर पर कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# हिसार: हड़प्पन भारत में कहां-कहां रहे...आठ कंकालों के डीएनए से होगा खुलासा



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** जिले के ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी में हड़प्पा कालीन सभ्यता को लेकर इस बात पर मोहर लग चुकी है कि वो लोग आठ हजार वर्षों से लगातार यहां पर रह रहे हैं।पिछले तीन वर्षों में आठ कंकालों को डीएनए के लिए लिया गया है। इन कंकालों से कान की हड्डी और दांत के डीएनए से वैज्ञानिक अलग-अलग पहेलियां सुलझाने के लिए शोध कर रहे हैं। अगर इनके डीएनए की रिपोर्ट सही तरीके से मिली तो यह पता चल जाएगा की वह कहां पर पैदा हुआ था और देश में देश में किस-किस जगह पर गया था, खाने में क्या-क्या खाद्य वस्तु में प्रयोग करते थे और वे कंकाल कितने साल पुराने होंगे। अगर डीएनए रिपोर्ट सही पाई गई तो राखी के इतिहास में एक और अध्याय जुड़ जाएगा।
हजारों वर्ष बीत गए लेकिन राखी गढ़ी के लोगों में आज भी हड़प्पन कल्चर मिल रहा हैं। उनका रहन-सहन और कद काठी काफी मिलती-जुलती है। राखी गढ़ी के 20 अलग-अलग लोगों का डीएनए लिया गया था। उनमें हड़प्पन लोगों का डीएनए काफी हद तक मिलता-जुलता पाया गया। देश के अलग-अलग भागों से भी सैंकड़ों लोगों के डीएनए सैंपल लिए गए थे। उनका डीएनए भी उन लोगों से मेल खाता है। जैसे आंध्रप्रदेश के एक गांव से भी दर्जनों लोगों के डीएनए सैंपल लिए थे। उनमें से भी दो लोगों का डीएनए हड़प्पन लोगों से मेल खाता हुआ मिला।
**आठ कंकालों का डीएनए लिया :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अपर महानिदेशक डॉ. संजय कुमार मंजुल के नेतृत्व में राखी गढ़ी में वर्ष 2021 से लगातार खुदाई शुरू हैं। टीले सात से आठ कंकालों को डीएनए के लिए लखनऊ की बीरबल साहनी पूरा वैज्ञानिक संस्थान में भेजा गया है। पहले भी इसी संस्थान में कंकालों का डीएनए किया गया था। अभी इन आठ कंकालों का डीएनए करने का काम जोर-जोर से चला हुआ है।
**पहले भी हुई खुदाई :** राखी गढ़ी में टीले सात पर प्रोफेसर वसंत शिंदे के नेतृत्व में वर्ष 2013 से 2016 तक खुदाई की गई थी। इसमें करीब 70 कंकाल पाए गए थे, जिनमें से डीएनए के लिए 22 कंकालों को लिया गया था। उनमें से एक कंकाल में ही डीएनए मिला था। इस कंकाल के डीएनए से यह पता चला था कि वह साढ़े चार हजार वर्ष पुराना है।
बीरबल साहनी पूरा विज्ञान संस्थान, लखनऊ के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. नीरज का कहना है कि आठ कंकालों का डीएनए लिया गया है। कान की हड्डी और दांत के डीएनए से बड़ा खुलासा होने की उम्मीद है। रिपोर्ट आने में छह महीने लगेंगे। उसके बाद इस रिपोर्ट को क्रास चेकिंग के लिए तीन एक्सपर्ट लोगों के पास भेजा जाएगा। अगर वह मिलान सही पाया गया तो हमारे डीएनए पर मोहर लग जाएगी।

# हरपाल कम्बोज के निवास स्थान पर पहुंचे सीएम नायब सैनी

रपाल कम्बोज ने परिवार एवं समर्थकों समेत जोरदार स्वागत किया व फूलों के बुके एवं शाल देकर घर आये मेहमानो का सम्मान किया

**आशीर्वाद**

8 मुख्यमंत्री सैनी ने हरपाल कम्बोज के नव विवाहित बेटे अमरिंदर कम्बोज एवं पुत्र वधु को आशीर्वाद दिया





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला शहर भाजपा में शामिल हुए हरपाल कम्बोज के निवास स्थान पर चाय पीने पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा परिवहन व महिला बाल विकास मंत्री असीम गोयल, कृषि मंत्री कँवर पाल गुज्जर व अम्बाला लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिय पहुंचे। इस मौके पर हरपाल कम्बोज ने परिवार एवं समर्थकों समेत जोरदार स्वागत किया व फूलों के बुके एवं शाल देकर घर आये मेहमानो का सम्मान किया उपरांत मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरपाल कम्बोज के नव विवाहित बेटे अमरिंदर कम्बोज एवं पुत्र वधु को आशीर्वाद दिया व शुभकामनाएं दी। उनके साथ परिवहन व महिला बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने भी नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिय। इस मौके पर बंतो कटारिया ने कहा की ये तो मेरा अपना परिवार है जो आज हमारे साथ मजबूती से खड़ा है। इस मौके पर भारी संख्या में कम्बोज समर्थक व शिवालिक डेवलमेंट बोर्ड के चेयरमैन ओम प्रकाश देवीनगर, ओ पी सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष सैनी सभा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, डिप्टी मेयर सुंदर ढींगरा पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन लाल, भाजपा विरष्ठ नेता अनुभव अग्रवाल, गुरप्रीत बब्बल, नसीब सिंह, गुरबचन सिंह बिट्टू , संजय, राकेश कुमार, धर्मेश कुमार , विजय कुमार , भूपिंदर सिंह, मनविंदर सिंह , गुरमेल सिंह , गुरदेव सिंह, ओम प्रकाश, जसवंत, अश्विनी ट्रामा, वरिंदर सिंह, अमरिंदर कम्बोज, मनदीप सिंह, बलजिंदर सिंह, विकास खरब, प्रिंस पाल व आदी मौजूद रहे

# पीएम श्री जी एस एस स्कूल में 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा 100%

**परचम**

8 सदस्यों ने सभी बच्चों का ढोल एवम फूल मालाओं से सम्मानित किया। स्कूल में 3 संकाय उपलब्ध है



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**

समालखा के पी एम श्री जी एस एस स्कूल पावटी में 12वी का परीक्षा परिणाम रहा 100% रहा । परीक्षा परिणाम उपरांत स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य साहब सिंह रंगा, वर्तमान कार्यवाहक दयाशंकर एवम समस्त स्टाफ सदस्यों ने सभी बच्चों का ढोल एवम फूल मालाओं से सम्मानित किया। स्कूल में 3 संकाय उपलब्ध है। जिसमे आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस है। आर्ट्स संकाय में प्रथम स्थान उपमा 452/500, कॉमर्स संकाय में प्रथम स्थान महक 450/500 और साइंस संकाय में प्रथम स्थान बे खुशी ने 418/500 अंक हासिल किए। इसके साथ स्कूल का रिजेल्ट 100 प्रतिशत रहा। स्कूल के समस्त स्टाफ द्वारा सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई गयी और गाँव पावटी में ढोल एवम डी जे के साथ रैली निकाली गई। वर्तमान कार्यवाहक प्रधानाचार्य दयाशंकर ने बताया कि सभी विद्यार्थियों का बहुत ही बेहतरीन परीक्षा परिणाम रहा और यह परीक्षा परिणाम सभी स्टाफ सदस्यों की मेहनत और बच्चों की मेहनत का नतीजा है। इसके साथ ही सभी गांव के लोगो से आग्रह किया कि अपने बच्चों को इस वर्ष सरकारी विद्यालय में ज्यादा से ज्यादा दाखिल कराए। इस मौके पर सीमा, संगीता, अंजली, आशा, कैलाश, परवीन सोमबीर, हरिओम, राजिंदर पालीवाल, विवेक और नवीन सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# समृद्धि दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



**पाठ पढ़ाया**

8 पदमचंद जी महाराज ने अहिंसा संयम, तप,सत्य,सेवा करना,प्रेम वा भाईचारा बनाने का पाठ पढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

एसएस जैन सभा कीऔर से समालखा की नई जैन स्थानक में जैन संत श्री पदमचंद जी महाराज का 24 वां पुण्य समृद्धि दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा के साथ साथ नवकार महामंत्र अखंड पाठ वा जाप का आयोजन किया गया।

इस दौरान जैन संत डॉक्टर सुव्रत महाराज ने बताया कि पूज्य संत पदम चंद जी महाराज ने 1952 में 18वर्ष की उम्र में ही जैन धर्म को अपना कर करीब 50 वर्ष तक सैकड़ो युवाओं को जैन सन्यास में दीक्षा ग्रहण कराई।

पदमचंद जी महाराज ने अहिंसा संयम, तप,सत्य,सेवा करना,प्रेम वा भाईचारा बनाने का पाठ पढ़ाया। आज के कार्यक्रम मे पूज्य गुरु श्री पदमचंद जी महाराज के पद्चिन्नो पर चलने का भी आवाहन किया। श्री मुदित मुनि जी महाराज ने भी जैन धर्म पर गहनता से प्रकाश डाला।कार्यक्रम के पश्चात जैन स्थानक में एक अटूट लंगर का भी आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम में एसएस जैन सभा के प्रधान वीर प्रकाश जैन कैलाश जैन अनुराग, पवन ,संजय , मोहित ,सुशील, जितेंद्र चांद सिंह, अमित, मोनू जैन के अलावा समाज की अनेक महिलाओं ने भी भाग लिया।

# 135वें अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर गोल्डन पार्क में सभा का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**ऑल** इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) पानीपत जिला कमेटी के आह्वान पर 135 वें अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर , गोल्डन पार्क समालखा में एक सभा का आयोजन किया जिसमें अनेक फैक्ट्रियों के मजदूरों ने हिस्सा लिया। सभा की अध्यक्षता कारखाना मजदूर यूनियन समालखा के प्रधान कॉमरेड शेर सिंह ने की और मुख्य वक्तव्य एआईयूटीयूसी हरियाणा के सचिव कामरेड हरिप्रकाश ने रखा।



**बैठक**

8 प्रधान कॉमरेड शेर सिंह ने की और मुख्य वक्तव्य एआईयूटीयूसी हरियाणा के सचिव कामरेड हरिप्रकाश ने रखा

उन्द्योगिक नगरी शिकागो में 135 वर्ष पूर्व पहली मई 1886 को 8 घंटे के कार्य दिवस की मांग पर मजदूरों ने एक ऐतिहासिक आंदोलन किया था, जिसे मलिक परस्त अमेरिकन सरकार ने कुचल दिया था। मजदूरों की अथवा कुर्बानियों से भारत सहित पूरी दुनिया के देशों की सरकारों ने कानून बनाकर के यह अधिकार मजदूरों को देना पड़ा था। कामरेड हरिप्रकाश ने आगे कहा कि भाजपा सरकार कुर्बानियों से हासिल अधिकारों को मजदूरों से छीनने पर तुली हुई है। 8 से 12 घंटे का कार्य दिवस करने , अल्प अवधि नियुक्तियां , वेतन कटौती- कार्यभार बढ़ोतरी, कैजुअल - ठेका - आउटसोर्सिंग पर काम कराने , स्थाई नौकरियों को समाप्त करने जैसी मजदूर विरोधी भयंकर नीतियां ला रही है। महंगाई , बेरोजगारी व भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है। रोजगार के अवसर लगातार घटाए जा रहे हैं। लाखों खाली पदों को भरा नहीं जा रहा। स्कीम वर्कर्स- आंगनबाडी, मिड -डे मील, आशा कर्मियों को न्यूनतम वेतन नहीं ना ही सरकारों उन्हें अपना श्रमिक ही मानती है। गरीबों की संख्या व बदहाली बढ़ रही है और अमीरों की लूट और धन संपत्ति लगातार बढ़ रही हैं। भाजपा सहित तमाम शासक पार्टियां देश की जनतांत्रिक मान्यताओं को रोंद रही हैं। राज की ताकत से जन आंदोलनों को कुचलने का काम कर रही हैं। मौजूदा लोकसभा चुनाव में भी ये चुनावी आचार संहिता का निर्भय उल्लंघन कर रही हैं। चुनाव जीतने के लिए शाम , दाम , दंड ,भेद का खुला प्रयोग कर रही हैं। लगता है देश की तमाम निष्पक्ष संस्थाओं को सरकारों के इशारे पर काम करने के लिए तैयार किया जा चुका है। बताया कि एआईयूटीसी के पूर्व अध्यक्ष , मजदूरों के रहनुमा कामरेड शिवदास घोष ने हमें समझाया कि चुनाव से अवश्य ही सरकारें बदल सकती हैं। राज पार्टी व मंत्री बदलते हैं। मगर मजदूर विरोधी नीतियां वही रहती हैं। नीतियों नहीं बदलती हैं।

# विद्यालय मनाना का परिणाम रहा सत प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**



समालखा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाना का परिणाम सत प्रतिशत रहा विद्यालय की कुल 43 छात्रों में से 23 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की 19 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की विद्यालय की छात्रा खुशी ने 459 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया पलक ने 444अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और शिवानी ने 443 तक कर तृतीय स्थान पर रही छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया प्राचार्य सीमा बजाज ने छात्रों को सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय द्वारा रैली का आयोजन किया गया और मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रों के परिजनों को उनके घर जाकर सम्मानित किया इस अवसर पर अभिभावक सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# देश के विकास में मजदूरों का है अहम योगदान: सुधीर जैन

**जागरू किया**

8 ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में सौहार्दपूर्ण भाव से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

8 स्कूल प्रबंधन ने विद्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस सौहार्दपूर्ण भाव से मनाया गया। स्कूल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी । सुधीर जैन ने कहा कि देश के विकास में मजदूरों का बड़ा योगदान है। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है। इस अवसर उन्होंने स्कूल में कार्यरत ड्राइवरों सहित सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ड्रेस भेंट कर उन्हें सम्मानित किया ।

सुधीर जैन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस हर साल एक मई को मनाया जाता है । यह दिन श्रमिकों के योगदान को पहचानने और उनके अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है । उन्होंने जोर देकर कहा कि मजदूर दिवस के अवसर पर हम सभी को राष्ट्र और समाज की प्रगति, समृद्धि तथा खुशहाली में दिए गए श्रमिकों के योगदान को नमन करना चाहिए। सीईओ संजय जैन ने कहा कि श्रमिक वर्ग किसी देश की प्रेरक शक्ति हैं । श्रमिक वर्ग अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे समाज की रीढ़ हैं। वे देश और दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बुनियादी स्तर पर काम शुरू करते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम नियमित रूप से उनकी भलाई का ध्यान रखें । स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने स्कूल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों, गार्डों, ड्राइवर समूह, सफाई कर्मियों, चपरासी और माली का धन्यवाद किया और साथ ही विद्यार्थियों को श्रम की गरिमा को पहचानने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाषण, कविता सहित विविध प्रस्तुति के माध्यम से श्रमिकों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने सम्मान के प्रतीक के रूप में प्रत्येक कर्मचारी को धन्यवाद करते हुए हस्तनिर्मित फूल, चॉकलेट, उपहार व कार्ड भेंट किए । इस मौके पर ट्रांसपोर्ट इंचार्ज संदीप हुड्डा, अध्यापिका संगीता, नमिता, नीरजा, ज्योति शर्मा , बीना, कुसुम, रितु सिंह ,भावना सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

# अपोलो स्कूल में श्रमिक दिवस पर सहायक वर्ग को बांटे गए उपहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**




**सम्मान**

8 सभी को सहायक वर्ग के मेहनत और समर्पण का सम्मान और सराहना करनी चाहिए

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याण में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के द्वारा विशेष सभा का आयोजन किया गया। छात्रा परी और तमन्ना के द्वारा खूबसूरत मंच संचालन कर मजदूरों के योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया।बच्चों द्वारा सहायक कर्मचारियों के सम्मान में नुक्कड़ नाटक पेश किया गया। छात्र दिव्यम के द्वारा मजदूर दिवस के महत्व को बताते हुए भाषण की प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने हिंदी कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता 'मजदूर' का लयबद्ध उच्चारण किया। कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने सम्मान के रूप में सहायक वर्ग को आभार कार्ड और उपहार भेंट किए। इन गतिविधियों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। व स्कूल के सहायक कर्मचारी, ड्राइवर और मालिक काका का धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित कर उन्हें मजदूर दिवस का महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी को सहायक वर्ग के मेहनत और समर्पण का सम्मान और सराहना करनी चाहिए। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अलका टंडन ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हर निर्माण कार्य में मजदूर की भूमिका होती है और किसी भी कार्यक्रम की सफलता और असफलता के पीछे सहायक वर्ग का बहुत बड़ा हाथ होता है। इस मौके पर एडमिन प्रमुख विकास अरोड़ा समस्त स्टाफ और कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुरलीधर डीएवी में मजदूर दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** मुरलीधर डी.ए.वी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों द्वारा "मजदूर दिवस" बहुत ही सम्मानित ढंग से मनाया गया। इस मौके पर कक्षा नर्सरी से यू.के.जी तक के बच्चे विभिन्न विभिन्न पोशाकों में जैसे डॉक्टर, एयर होस्टेस,किसान, मिल्कमैन,फायरफाइटर आदि बनकर आए। बच्चों ने अपने किरदारों में मंच पर पंक्तियां सुनाई। कक्षा पहली के बच्चों ने "धन्यवाद कार्ड" बनाकर विद्यालय के सहायक व सफाई कर्मचारियों को दिए। कक्षा दूसरी के बच्चों ने खाने का सामान बांटा। कक्षा तीसरी और चौथी के छात्रों ने उनके चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया, तालियां बजाकर और सहायक कर्मचारी पर पुष्प वर्षा कर उनको सम्मानित किया गया। कक्षा सातवीं आठवीं के छात्रों ने भी मजदूर दिवस पर कविताएं प्रस्तुत की व भाषण भी दिए गए। प्रधानाचार्य आर.आर.सूरी ने इस मौके पर बच्चों को यह संदेश दिया कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता हमें सभी को एक समान दृष्टि से देखना चाहिए। सभी कोऑर्डिनेटर्स ने बच्चों को सहायक कर्मचारी के लिए आदर की भावना रखने के लिए प्रेरित किया व सभी को उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिए धन्यवाद किया।

# नेशनल चैम्पियनशिप में गुरुकुल के अनिकेत ने जीता गोल्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**नेशनल गेम्स**

8 निदेशक प्रवीण कुमार ने बताया कि गुरुकुल में छात्रों को एक ऐसा वातावरण उपलब्ध कराया जाता है

**कुरुक्षेत्र:** गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हुई 67वीं स्कूल नेशनल गेम्स में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के बास्केटबाल खिलाडी अनिकेत ने गोल्ड मेडल जीतकर गुरुकुल के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। अनिकेत की इस बड़ी उपलब्धि पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी ने भी फोन पर अनिकेत को उज्ज्वल भविष्य का अशीर्वाद व गुरुकुल परिवार को बधाई दी है। गोल्ड मेडल जीतकर गुरुकुल में पहुंचे अनिकेत का निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने जोरदार स्वागत किया और अनिकेत व बास्केटबॉल कोच अरुण कुमार को विशेष बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, डीपीई देवीदयाल भी मौजूद रहे। निदेशक प्रवीण कुमार ने बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग एवं स्कूल गेम्स फेडरेशन इंडिया द्वारा 27 से 30 अप्रैल 2024 तक गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 67वीं स्कूल नेशनल गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें देशभर से लगभग 35 टीमों ने भाग लिया। इन गेम्स में बॉस्केटबाल में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र अनिकेत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया जो गुरुकुल के साथ-साथ हरियाणा के लिए गर्व की बात है। बता दें कि अनिकेत पहले सितम्बर 2023 में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय टीम में अपना स्थान बनाया, उसके बाद भिवानी में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपने उम्दा प्रदर्शन को कायम रखते हुए नेशनल के लिए क्वालिफाई किया। अब नेशनल गेम्स में गोल्ड मिलने पर जहां अनिकेत के परिजनों में खुशी है वहीं गुरुकुल में भी जश्न का माहौल है। निदेशक प्रवीण कुमार ने बताया कि गुरुकुल में छात्रों को एक ऐसा वातावरण उपलब्ध कराया जाता है जिसमें बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अपनी खेल प्रतिभा को भी पूरा निखार दे पाएं।

# डिजिटल लर्निंग का वादा और सहभागिता

विजय गर्ग

> स्लाइड शो एक डिजिटल उपकरण है जो एक सहज पाठ प्रवाह बनाने के लिए पाठ, चित्र, एनीमेशन और वीडियो क्लिप को एम्बेड करने की अनुमति देता है। क्विज़िज़ एक और रोमांचक उपकरण है जो एक स्लाइड शो को एक इंटरैक्टिव पाठ या गेम में बदल देता है। यह छात्रों के लिए सीखने को मनोरंजक बनाता है और शिक्षक के निर्देशात्मक समय का भी प्रबंधन करता है। आज, विभिन्न डिजिटल शिक्षण समाधान और उपकरण उपलब्ध हैं जैसे ई-पाठ्यपुस्तकें, वर्चुअल रियलिटी (वीआर), संवर्धित वास्तविकता (एआर), बैजिंग, गेमिफिकेशन, मोबाइल लर्निंग और खुले शैक्षिक संसाधन। रोमांचक खबर यह है कि उभरती इंटरनेट प्रौद्योगिकियां और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक छात्र के सीखने के अनुभव को इस तरह से निजीकृत करती हैं

**कंप्यूटर इंटरनेट** से जुड़ा था और जो कोई भी इसका उपयोग करना चाहता था, उसके लिए दृश्यमान और सुलभ बना दिया गया था। कंप्यूटर इंटरनेट से जुड़ा था, और जो कोई भी इसका उपयोग करना चाहता था, उसके लिए दृश्यमान और सुलभ बना दिया गया था। इस प्रयोग से जो शुरू हुआ वह घटनाओं की एक शानदार श्रृंखला थी। आस-पड़ोस के कम-विशेषाधिकार प्राप्त बच्चों ने उत्सुकतापूर्वक उस उपकरण को खोजना, क्लिक करना और उसका उपयोग करना सीखना शुरू कर दिया जो उनके लिए एक अजीब उपकरण था। उन्होंने कुछ ही घंटों में इंटरनेट का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया. और छह महीने के भीतर, उन्होंने खुद को माउस चलाना, प्रोग्राम खोलना और बंद करना और गेम, संगीत और वीडियो डाउनलोड करना सीख लिया। इस प्रकार शिक्षा की मिनिमली इनवेसिव एजुकेशन (एमआईई) पद्धति में डॉ. मित्रा के व्यापक और सफल प्रयोग शुरू हुए, जिन्हें 'होल इन द वॉल' भी कहा जाता है। मेरा मानना है कि डिजिटल शिक्षा आज की पीढ़ी के लिए बेहद प्रभावशाली 'होल इन द वॉल' हो सकती है . संलग्न शिक्षण की दिशा में खोज की यात्रा को प्रेरित करना निस्संदेह, डिजिटल शिक्षा ने बच्चों के लिए सीखने के अविश्वसनीय लाभों के द्वार खोल दिए हैं। छात्र अपनी गति से सीख सकते हैं, और पाठ्यक्रम को उनकी सीखने की क्षमताओं के अनुरूप अनुकूलित किया जा सकता है। और आज, उपकरण छात्रों को अपनी स्वयं सीखने की क्षमताओं को विकसित करने की अनुमति देने के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका में चेरोकी काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट के एक शिक्षक ने सीखने की व्यस्तता और आनंद को बढ़ाने के लिए कक्षा में माइनक्राफ्ट एजुकेशन (बेहद लोकप्रिय वीडियो गेम) का उपयोग किया। स्कूल के पाठ्यक्रम के साथ डिजिटल उपकरणों का ऐसा बुद्धिमान संयोजन



सीखने की सीमा और दक्षता को काफी हद तक बढ़ाता है। अधिक संवादात्मक होने के कारण, यह जुड़ाव को प्रोत्साहित करता है, जिससे बच्चे सीखने की सामग्री से बेहतर तरीके से जुड़ पाते हैं। और सबसे अच्छी बात यह है कि यह छात्रों का मूल्यांकन करता है और वास्तविक समय और पारदर्शी तरीके से प्रतिक्रिया देता है। यह बच्चों को सुधार जारी रखने के लिए अपनी जवाबदेही की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित और सशक्त बनाता है। डिजिटल और पारंपरिक शिक्षा के सही मिश्रण से जीतना क्या आपने 'फि्लप्ड क्लासरूम मॉडल' के बारे में सुना है? यह सीखने के अनुभव की पुनर्कल्पना करता है और डिजिटल शिक्षण सामग्री के स्मार्ट उपयोग के साथ आमने-सामने के समय की प्रभावशीलता को अधिकतम करता है। छात्रों को प्रत्येक कक्षा से पहले क्लाउड-आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से ये ऑनलाइन शिक्षण संसाधन प्रदान किए जाते हैं। इससे कक्षा में शिक्षकों का समय बच जाता है, और वे आकर्षक गतिविधियों और चचाओं के माध्यम से छात्रों का समर्थन कर सकते हैं जो सीखने में जबरदस्त मूल्य जोड़ते हैं। डिजिटल और व्यक्तिगत शिक्षा एक मिश्रित मॉडल में एक-दूसरे को दृढ़ता से सुदृढ़ करती है, और छात्र विजेता होता है।

उदाहरण के लिए, स्लाइड शो एक डिजिटल उपकरण है जो एक सहज पाठ प्रवाह बनाने के लिए पाठ, चित्र, एनीमेशन और वीडियो क्लिप को एम्बेड करने की अनुमति देता है। क्विज़िज एक और रोमांचक उपकरण है जो एक स्लाइड शो को एक इंटरैक्टिव पाठ या गेम में बदल देता है। यह छात्रों के लिए सीखने को मनोरंजक बनाता है और शिक्षक के निर्देशात्मक समय का भी प्रबंधन करता है। आज, विभिन्न डिजिटल शिक्षण समाधान और उपकरण उपलब्ध हैं जैसे ई-पाठ्यपुस्तकें, वर्चुअल रियलिटी (वीआर), संवर्धित वास्तविकता (एआर), बैजिंग, गेमिफिकेशन, मोबाइल लर्निंग और खुले शैक्षिक संसाधन। रोमांचक खबर यह है कि उभरती इंटरनेट प्रौद्योगिकियां और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक छात्र के सीखने के अनुभव को इस तरह से निजीकृत करती हैं जो उन्हें अन्वेषण, खोज, जानने और महारत हासिल करने के लिए प्रेरित करती है - जो कि शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है। याद रखें, डिजिटल लर्निंग एक समर्थकारी है, कोई शॉर्टकट नहीं चैटजीपीटी के बारे में यह मजाकिया कविता है जो इस प्रकार है: ह्चैटजीपीटी, दचैट का भविष्य, यह एक सच्चाई है।" दरअसल, इसने यह बदल दिया है कि कैसे ज्ञान को गति और सार के साथ हासिल किया जा सकता है। चैटजीपीटी को जितनी प्रशंसात्मक समीक्षाएँ मिली हैं, इसने वैध नैतिक चिंताओं को भी उठाया है। स्कूल और शैक्षणिक संस्थान छात्रों की दक्षता के माप के रूप में काम की मौलिकता के बारे में चिंतित हैं। चैटजीपीटी छात्रों के लिए बिना पहचाने साहित्यिक चोरी करना आसान बना सकता है। और यहां डिजिटल शिक्षण को कारगर बनाने की तरकीब दी गई है। इसे एक सक्षमकर्ता के रूप में देखें, शॉर्टकट के रूप में नहीं। अपने विशाल प्रारूपों, प्लेटफार्मों और उपकरणों के साथ, यह ज्ञान को समझने और बनाए रखने की शक्ति को बढ़ाने और अभ्यास के माध्यम से जुड़ने का एक शानदार तरीका है। यह शिक्षकों और शिक्षकों को अपने छात्रों के हितों के साथ तालमेल बिठाने और शिक्षण को बेहद संतोषजनक बनाने की अनुमति देता है। विशेष रूप से प्राथमिक और मध्य विद्यालय स्तर पर, कल्पना करें कि स्कूल की सामाजिक सहभागिता और डिजिटल शिक्षण उपकरणों के नवाचार की संयुक्त शक्ति क्या हासिल कर सकती है! डिजिटल लर्निंग सर्वव्यापी उपयोग और अनंत संभावनाओं के एक रोमांचक मोड़ पर है। अब शिक्षकों के लिए एक रोमांचक और समावेशी डिजिटल शिक्षण समुदाय की कल्पना करने और बनाने का समय आ गया है।

छात्रों की सहभागिता को बढ़ावा देने और कक्षा के पाठों को वास्तविक दुनिया से जोड़ने के लिए डिजिटल शिक्षण संसाधनों का स्वागत किया जाता है, उन्हें अपनाया जाता है और उनकी मांग की जाती है। लगभग 25 साल पहले, डिजिटल लर्निंग की नींव रखने के लिए दीवार में एक अद्भुत छेद बनाया गया था। अब भारत को दुनिया का डिजिटल ज्ञान प्रतिभा केंद्र बनाने के लिए इसके अगले स्तर के संस्करण को विकसित करने का समय आ गया है।

विजय गर्ग शैक्षिक स्तंभकार मलोट

## संपादकीय

# कोविशील्ड पर फैला 'भ्रम या हकीकत'?

**कोविशील्ड** वैक्सीन टीका लगवाने वाले लोग दहशत में हैं। क्या इसकी वजह कोरोना वैक्सीन निमार्ता कंपनी एस्ट्राजेनेका का साइड इफैक्ट को लेकर कोर्ट में सरेआम कबूल कर लेना है? बीते एकाध दिनों से पूरे संसार में इसी को लेकर चर्चा हो रही है। भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में कोरोना के बाद कुछ ऐसा हुआ है कि कम उम्र और बिल्कुल तंदुरुस्त और चंगे भले इंसानों को अचानक हार्ट अटैक होना आरंभ हुआ। सांस्कृतिक मंचन हो, या शादी-ब्याह, पार्टी समारोह... लोगों का नाचने के दौरान गश खाकर गिरना और उसके तुरंत बाद मौत हो जाने की अनगिनत कहानियां हैं। करीब दो-तीन साल में हुई ऐसी मौतें पहेली बनी हुई हैं। अब संदेह और गहरा गया है। ऐसा दावा है कि ये सब कोविशील्ड टीके के साइड इफैक्ट के चलते हो रहा है। भ्रम है या हकीकत? ये तो भगवान ही जाने पर कोविशील्ड कंपनी का खुलासा यह दशार्ता है कि भविष्य में भी टीकाधारकों को साइड इफैक्ट हो सकता है। इस वैक्सीन के इस्तेमाल के आंकड़ा देखें तो सिर्फ भारत में ही एक अरब 17 करोड़ का है, जिसे कोरोना के बाद लोगों ने बचाव को ध्यान में रखकर लगवाए थे। पूरे संसार की बात करें, तो ये आंकड़ा ढाई से तीन अरब तक पहुंचता है। गौरतलब है कि कोविशील्ड कंपनी एस्ट्राजेनेका ने जब से ब्रिटिश कोर्ट में जज के समक्ष स्वीकारा है कि उनके टीके के इस्तेमाल से ब्लड क्लॉटिंग यानी खून के थक्कों के जमने की प्रबल संभावनाएं हैं, तब से चारों तरफ हंगामा कटा हुआ है। कंपनी की इस स्वीकारता से संसार भर में कोविशील्ड का टीका लगवाने वालों में दहशत का माहौल है। लोग डरे हुए हैं। लोग चिकित्सकों से परामर्श करने में लगे हुए हैं। हालांकि, तसल्ली इस बात की है कि भारत के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। भारतीय चिकित्सा तंत्र ने इसे मात्र भ्रम ही बताया है। उन्होंने फिलहाल वैक्सीन को सुरक्षित बताते हुए, भरोसा दिया है कि अगर साइड इफैक्ट देखें भी तो उस पर काबू पाने में हमारा हेल्थ सिस्टम सक्षम है। सरकार की ओर से भी यही बताया गया है। पर, लोगों के भीतर बैठ चुका डर निकलने का नाम नहीं ले रहा। एस्ट्राजेनेका का मामला कोर्ट तक पहुंचा कैसे? ये जानना भी जरूरी है। दरअसल, ब्रिटिश नागरिक जैमी स्कॉट ने एस्ट्राजेनेका कंपनी के कोर्ट में खदेड़कर मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने अप्रैल-2021 में कोविशील्ड के टीके लगवाए थे, जिसके बाद वह स्थाई तौर पर मस्तिष्क से क्षतिग्रस्त हो गए। जैमी स्कॉट समेत कई अन्य कई लोग भी थ्रोम्बोसिस नामक दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त हो गए। तभी इन सभी ने मिलकर कंपनी के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवा दिया। उसके बाद इस दिग्गज दवा कंपनी ने कोर्ट में वैक्सीन के कारण गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं पैदा होने की बात स्वीकार ली। कोर्ट ने कंपनी को प्रभावित लोगों को 10 करोड़ पाउंड हजार्ना देने का आदेश भी दिया है। इस खुलासे के बाद कोविड-19 की अन्य वैक्सीन जैसे फाइजर, मॉडर्ना भी सवालों के घेरे में हैं। ऐ कंपनियां भारत में उस वक्त खूब एक्टिव थी। इन्हें भी अपने टीकों के संबंध में अब जवाब देना होगा, क्योंकि मसला वैश्विक स्तर पर गरमा चुका है।

## कविता

### वो मजदूर

वो कभी भूखा नहीं रह सकता
जो मेहनत कर सकते हैं,
काम कर सकते हैं,
उन्हें होता ही है फायदा,
ये है प्राकृतिक कायदा,
मगर जो आलसी होते हैं
उनका भूखे रहना तय है,
एक एक क्षण उनके लिए
हो जाता कष्टकारी समय है,
मजदूरों ने इस बात को पढ़ा है,
दुनिया के हर कार्य को पसीने से गढ़ा है,
वो नेता, अधिकारी या
किसी ऑफिस में बैठा बाबू नहीं है,
तभी तो उनकी जिंदगी
मेहनतों से भरा जरूर रहता है
पर बेकाबू नहीं है,
चैन की नींद उसके हिस्से में होता है,
पैसे वाला और ज्यादा के लिए रोता है,
शोषण सहकर भी वो नहीं बनता शोषक,
वो एकमात्र नव निर्माण का है द्योतक।

राजेन्द्र

# आरक्षण की चुनावी आग

**चुनाव** कोई भी हो आरक्षण एक ज्वलंत चुनावी मुद्दे के रूप में अवश्य सामने होता है। इस चुनाव में भी आरक्षण के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर चुनावी वार और पलटवार कर रहे हैं। विपक्षी पार्टियां जहां यह कह रही हैं कि यदि बीजेपी सत्ता में पुनः स्थापित होती है तो आरक्षण खत्म कर देगी वहीं बीजेपी इस बात से साफ इन्कार कर रही है। राहुल गांधी आरक्षण की सीमा को 50% के पार ले जाने की चुनावी वादे कर रहे हैं । आरक्षण एक ऐसा मुद्दा है जिस पर आजादी के बाद से ही बहस हो रही है। किसी भी मुद्दे पर चर्चा होने से उसे अधिक गहराई से समझा जा सकता है। ऐसा कोई सामाजिक वर्ग नहीं है जिस पर आरक्षण का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष, सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव ना पड़ता हो। वर्तमान समय में छिड़ी आरक्षण पर बहस को सकारात्मकता के साथ देखना चाहिए। संविधान में आरक्षण की व्यवस्था अनिश्चित समय के लिए नहीं किया गया था अतः आरक्षण की समीक्षा समय समय पर होनी ही चाहिए। संविधान की भावना यह कभी नहीं थी कि आरक्षण जाति के आधार पर दिया जाए बल्कि आरक्षण देने का आधार सामाजिक और शैक्षणिक बराबरी था। आरक्षण का प्रावधान 10 साल के लिए था और संविधान निमार्ता भी इस पक्ष में थे कि आरक्षण व्यवस्था ज्यादा लंबे समय तक नहीं चलना चाहिए। आरक्षण की व्यवस्था पिछले 75 वर्षों से लगातार चल रही है और अगर ऐसी ही राजनीति चलती रही तो अगले 75 वर्षों तक अनवरत चलती रहेगी। आरक्षण का लाभ एक वर्ग विशेष लगातार ले रहा है, जिनके लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी उन्हें इस आरक्षण व्यवस्था का अभी तक ज्यादा लाभ नहीं मिला है। आरक्षण जाति पर आधारित है। आरक्षण जाति व्यवस्था को और समृद्ध कर रही है। आरक्षण का अधिकार जाति और धर्म के स्थान पर आर्थिक आधार होना चाहिए क्योंकि गरीबी जाति को देखकर नहीं आती है। गरीबी जाति विशेष या वर्ग विशेष की नहीं होती है, गरीबी बस गरीबी होती है। आजादी के इतने वर्षों के बाद यह सोच कि गरीबी जाति विशेष में है, भ्रामक और तर्कों से परे है। 1947 का भारत और भारतीय समाज 2024 से बिल्कुल अलग था। आरक्षण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के उपरांत ही इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि इसे जारी रखना चाहिए या नहीं।

आरक्षण कोई मूलभूत अधिकार नहीं है, उद्देश्य की पूर्ति के उपरांत या अप्रासंगिक होने की स्थिति में संविधान में संशोधन करके आरक्षण को आसानी से हटाया जा सकता है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट में यह बात उठी थी कि जिन जातियों या लोगों को आरक्षण का फायदा मिल चुका है उनको आरक्षण छोड़ देना चाहिए।

यह विमर्श का विषय होना चाहिए कि आईएएस, आईपीएस या अन्य बड़े सरकारी या गैर सरकारी पद पर पहुंच जाने के बावजूद, आरक्षण का फायदा ले चुके लोगों द्वारा अपने बच्चों के लिए भी आरक्षण का फायदा लेते रहना कितना उचित है। आरक्षण की व्यवस्था पिछड़ों को सामाजिक बराबरी के लिए थी ना की चुनावी अखाड़े के लिए एक मुद्दे के रूप में। भारत में आरक्षण एक राजनीतिक विवशता है। जातिगत समीकरण को साधे बिना चुनावी वैतरणी पार करना लगभग असंभव है।

## विचार

# मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किसी भी सीमा तक जाएंगे राजनैतिक दल

मृत्युंजय दीक्षित

**लोकसभा** चुनावों के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनैतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासिन मलिक का फोटो लगाया गया है। पोस्टर में यासिन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया है। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगवावादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है। मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियाँ जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्षों और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनैतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफियाओ को अपने राजनैतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं । पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा। प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनैतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख हो गयी है। सपा कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है। सलमान खुर्शीद का परिवार कई बार विवादों के घेरे में रहा है। खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद पर दिव्यांगों की सहायता करने के नाम पर घोटाला करने का मुकदमा चल रहा है।सलमान खुर्शीद बाटला हाउस एनकाउंटर व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं।जब लुईस खुर्शीद को इस बात का आभास हो गया था कि इस बार उनके परिवार को टिकट नहीं मिलने जा रहा तब उन्होंने मीडिया के सामने अपने कार्यकर्ता से कहा था कि अगर कांग्रेस का कोई पदाधिकारी उनसे मिलने आए तो उसे चप्पल से मारें। अब उसी परिवार की भतीजी मारिया एक बार फिर वोट जिहाद की अपील कर रही हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के संभल से पूर्व सांसद डॉ शफीकुर्रहमान वर्क के पोते एवं सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान वर्क अपनी नुक्कड़ सभा के वायरल वीडियो में मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और शहाबुद्दीन की मौत को कुबार्नी बता रहा है।वीडियो वायरल हो जाने के बाद वर्क पर मुकदमा दर्ज हो गया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बालों के लिए कारगर औषधि है गुड़हल के फूल

शहनाज हुसैन

**बालों की देखरेख में** नीम के पत्ते, तुलसी के पत्ते और जड़ी.बूटियां , फूल.पत्तियां भी खूब असर दिखाती हैं/ बालों पर गुड़हल के फूल का भी कमाल का असर दिखता है/ गुड़हल के फूल दिखने में जितने खूबसूरत होते हैं, उतने ही ये उपयोगी भी होते हैं। गुड़हल के फूलों में पोषक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। गुड़हल के फूल में फ्लेवोनॉयड्स और अमीनो एसिड्स होते हैं जो हेयर ग्रोथ को बढ़ाने का काम करते हैं/ गुड़हल के फूल को बालों की ग्रोथ और अच्छी हेल्थ के लिए सबसे बेहतरीन फूल पत्ती में से एक माना गया है/ इन फूलों के इस्तेमाल से धूप से बालों को होने बाले नुकसान , बालों के असमय सफेद होने , बालों की रुसी आदि की अनेक समस्यायों से निजात पा सकते हैं / इसके इलाबा गुड़हल के फूलों का इस्तेमाल बालों को काला करने में भी मददगार सावित होता है / गुड़हल स्कैल्प पर एक ऐस्ट्रिंजेंट एजेंट की तरह काम करता है और स्कैल्प के पोर्स और ग्लैंड्स से निकलने वाले तेल को कंट्रोल करता है। बालों के लिए गुड़हल की पत्तियों का इस्तेमाल करने से इनका पीएच लेवल सही बना रहता है और साथ ही बाल नर्म ,मुलायम और कोमल बनते हैं / यह बालों का टूटना कम करता है, बालों को मजबूती देता है और इसका विकास बढ़ाता है/ ये फूल बालों का झड़ना रोकने के अलावा इन्हे दोबारा बढ़ने के लिए बढ़ावा देता है / आइए जानते हैं बालों के लिए गुड़हल के फूल के फायदे और इस्तेमाल करने का तरीका क्या है/ आप इस फूल के साथ इसकी पत्तियों से बालों की कई समस्याओं को दूर कर सकते हैं/ गुड़हल फूल में विटामिन सी, ए, फॉस्फोरस, राइबोफ्लेविन और विभिन्न आवश्यक पोषक तत्व होते हैं जो बालों को मजबूत और चिकना बनाते हैं। साथ ही बालों की कोशिकाओं में जमा बिषैले तत्वों को हटाकर खून का संचार बढ़ाते है। गुड़हल के फूलों को नारियल के तेल में उबालें। जह फूल पूरी तरह से फ्राई हो जाएं तो उन्हें छानकर बोतल में भर लें। नहाने से पहले स्कैल्प में अच्छी तरह से लगाकर धो लें। इसके अलावा थोड़े से जाबा फूलों में थोड़ा सा तिल का तेल या नारियल का तेल मिलाएं।

# घुंघरू और हीरे: "थोथा चना बाजे घना"

डॉक्टर रामानुज पाठक

**आपने** इस कहावत को अवश्य सुना होगा की "थोथा चना बाजे घना"आशय है की अधिक बोलने वाले अक्सर उथले लोग होते हैं। क्या हम सब को पता नहीं कि बहुत बोलने वाले घुंघरू पैरों में पहने जाते हैं,और मौन धारने वाले हीरे मस्तक पर चढ़ जाते हैं। कुछ लोग इसलिए दुखी हैं कि वे ज्यादा बोलते हैं और कुछ लोग इसलिए दुखी हैं कि वे कुछ नहीं बोलते। कहां बोलना है और कहां नहीं, इतना विवेक तो होना ही चाहिए।वैसे भी कहा जाता है कि भगवान ने मुंह एक दिया है और कान दो दिए हैं अर्थात बोलना एक गुना और सुनना दो गुना लेकिन होता उल्टा है।कुछ लोगों को हर जगह बोलने की आदत या लत होती है जो सदैव बुरी ही होती है।मितभाषी सदैव खुश रहते हैं।जो मितभाषी होते हैं शांत होते हैं, संयमी होते हैं ,स्थिर होते हैं,परोपकारी होते हैं,क्रोध को मौन सदैव अच्छा स्वरूप देता है।कहा गया है कि, जग ने मुझ को सीख दी, तोल मोल के बोल। अब मैं बोलूँ तोल के, लोग कहें अनमोल।।मितभाषी जो मनुज हो, चैन से काटे दिन ।
न बहुतेरे मीत बनें, न दुश्मन हों अनगिन।।

जो मितभाषी होते हैं वे अपनी दुर्बलताओं के साथ साथ अपनी शक्ति को भी पहचानते हैं।विचारक जोनाथन स्विफ्ट कहते हैं कि, अधिकांश लोग अपनी दुर्बलताओं को नहीं जानते, यह सच है लेकिन यह भी उतना ही सच है कि अधिकतर लोग अपनी शक्ति को भी नहीं जानते। अधिकांश लोग से आशय कदाचित अधिक बोलने वालों से ही रहा होगा।भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम के जनक रहे महान वैज्ञानिक डॉक्टर विक्रम साराभाई इशारों इशारों में कह गए की "जो भारी कोलाहल में भी संगीत को सुन सकता है, वह महान उपलब्धि को प्राप्त करता है।"कोलाहल में संगीत कोई मौन साधक या व्रती ही सुन सकता है।मौनी सदैव गंभीर होता है उसके निर्णय अधिकांसतःसही होते हैं तभी तो महान

अंग्रेजी कथाकार और नाटककार शेक्सपियर ने कहा है कि "गहरी नदी का जल प्रवाह शांत व गंभीर होता है।" अधिक और अनावश्यक बोलने वाले मूर्खों की श्रेणी में ही रखे गए हैं किसी ने ठीक ही कहा है कि,मूरख के मुख बम्ब हैं , निकसत बचन भुजंग।
ताकी ओषधि मौन है , विष नहिं व्यापै अंग।।मितभाषी मेहनती,धार्मिक,और शांतिप्रिय होता है।

## न्यूज फ्लैश

### मजदूर दिवस पर आढतियों ने लगाया मजदूरों के लिए देशी घी का भंडारा

समालखा 1 मई ( कुलदीप सिंह )
अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर बुधवार को समालखा अनाज मंडी में मजदूरों के लिए भंडारा लगाया गया। आढती एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस भंडारे में देशी घी से तैयार प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें गेहूं के सीजन में दूर दराज से आए प्रवासी मजदूरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आढती एसोसिएशन के प्रधान बलजीत सिंह रूहल, अश्वनी,प्रसोतम मित्तल, अनिल गर्ग,कृष्ण मित्तल, श्याम मित्तल, श्याम लाल,रामजी व कंवर भान गोयल आदि मौजूद रहे।

### हंगामा टीवी पर पोकेमॉन की नई एनीमेटेड सीरीज के लिए विशाल-शेखर, अरमान मालिक, शर्ली आये साथ

नई दिल्ली। The Pokémon Company का नया एनीमेटेड शो Pokémon Horizons: The Series' ' 25 मई से हंगामा टीवी पर दिखाया जाएगा। इन गीतों को जानी-मानी संगीतकार जोड़ी विशाल-शेखर, गायक अरमान मलिक और शर्ली सेतिया ने मिलकर तैयार किया है और इनसे इस शो में लोकल फ्लैवर जोड़ने की पूरी कोशिश की गई है। इस नई सीरीज में नए



कैरेक्टर्स तो दिखेंगे ही, साथ ही एक ताजातरीन दिलचस्प कहानी भी है। इस सीरीज में नजर आएंगे एयरशिप के इंचार्ज के तौर पर कैप्टन पिकाचू। इस पोकेमॉन सीरीज के ओपनिंग और एंडिंग गीत खास तौर पर भारतीय दर्शकों के लिए लोकल तड़का लगाकर बनाए गए हैं। इस फ्लेवर को लाने के लिए ही The Pokémon company ने भारतीय कलाकारों के साथ होथ मिलाया । यह साझेदारी बताती है कि The The Pokémon Company भारतीय के एंटरटेन्मेंट क्षेत्र में अपनी पहचान को और भी मजबूत करना चाहती है। The Pokémon Company के साथ इस साझेदारी के बारे में विशाल-शेखर का कहना है, The Pokémon Company के साथ काम करने के लिए हम बहुत उत्साहित हैं । हमने ऐसे ट्रैक बनाये हैं जो मजेदार होने के साथ-साथ पोकेमॉन ब्रैन्ड के जज्बे को बयान करते हैं। इन गीतों में हमने लोकल ऑडियंस को ध्यान में रखते हुए भारतीय तड़का लगाया है । अरमान मलिक ने कहा , बड़े होते हुए हर दिन पोकेमॉन देखना हमारे रूटीन का हिस्सा था और आज Horizons series के साथ उसी लेगसी को आगे बढ़ाने के लिए अपनी आवाज देना मेरे लिए सिर्फ सम्मान की बात नहीं है बल्कि यह एक सर्कल के पूरा होने जैसा है यानी मैं घूमकर फिर से बचपन के उन्हीं दिनों में पहुंच गया हूं। शर्ली सेतिया ने कहा, , मैं बचपन में पोकेमॉन के खिलौने इकट्ठा करती थी जिनसे मुझे बहुत लगाव था और आज भी है। इस आइकॉनिक फ्रेंचाइस के लिए अपनी आवाज देना बहुत ही शानदार अनुभव रहा और मुझे उम्मीद है कि ये ट्रैक फैंस को हमेशा के लिए याद रहेंगे।

### अमेजन फ्रेश ने मनोज बाजपेयी उर्फ घनश्याम के साथ शुरू किया 'नहीं तो महंगा पड़ेगा' अभियान का दूसरा संस्करण

नोएडा।
अमेजन फ्रेश ने 'नहीं तो महंगा पड़ेगा' अभियान का दूसरा संस्करण जारी किया है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी ने पसंदीदा किरदार 'घनश्याम' के रूप में अभिनय किया है। इस अभियान के साथ, अमेजन फ्रेश ने ग्राहकों को सर्वोत्तम 'गुणवत्ता' उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है - जिसमें '4 स्टेप क्वालिटी चेक' शामिल है, जो 11,000 से ज्यादा किसानों से खरीदे जाने वाले फलों और सब्जियों की ताजगी सुनिश्चित करता है और बचत के माध्यम से बेहतर 'मूल्य' प्रदान करता है। पहली विज्ञापन फल्मि में, मनोज बाजपेयी के किरदार घनश्याम ने एक हास्यपूर्ण अभनिय किया था, जहां किराना सामना खरीदने की जल्दबाजी में वह बेहतर डील्स और ऑफर्स से चूक जाता है। इसलिए, दोबारा गलती न हो और अमेजन फ्रेश से बेजोड़ दाम पर 'बचत' करने के लिए अमेजन फ्रेश से ऑर्डर करने की याद बने रहने के लिए, वह कागज पर लिखता है 'अमेजन फ्रेश से ग्रॉसरी लाओ नहीं तो महंगा पड़ेगा'। हर्ष गोयल, डायरेक्टर, ग्रॉसरी, अमेजन इंडिया ने कहा, हमारे नए अभियान 'अमेजन फ्रेश से ग्रॉसरी लाओ नहीं तो महंगा पड़ेगा' में, हम हर घर तक एक महत्पूर्ण संदेश पहुंचाना चाहते हैं, जो दर्शकों को लंबे समय तक याद रहेगा।
अमेजन फ्रेश में, हम अपने ग्राहकों को बैंक ऑफर्स, कैशबैक इनसेंटिव, और 4 स्टेप क्वालिटी चेक के बाद विक्रेताओं द्वारा 'क्वालिटी' फल और सब्जियां उपलब्ध करवाने के माध्यम से बचत करने में मदद करने के लिए असाधारण 'मूल्य प्रस्ताव' को प्राथमिकता देते हैं।

# भाजपा को झटका, निवर्तमान पार्षद पंकज चोचडा भाजपा छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** बुधवार को भाजपा को उस समय गहरा झटका लगा जब नगर परिषद थानेसर के वार्ड 28 के निवर्तमान पार्षद पंकज शर्मा चोचडा ने अपने समर्थकों सहित भाजपा छोडकर कांग्रेस में शामिल हाने की घोषणा की। कर्ण लेक पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान तथा पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने उन्हे पटका पहनाकर विधिवत रूप से कांग्रेस में शामिल करवाया। कांग्रेस के तीनों नेताओं ने कहा कि पंकज शर्मा के पार्टी में शामिल होने से थानेसर में कांग्रेस ओर अधिक मजबूत हुई है। पंकज शर्मा को पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि पंकज शर्मा का ब्राह्मण बिरादरी में ही नही



बल्कि समाज के सभी वर्गों में काफी प्रभाव है। जिसका लोकसभा ओर आने वाले विस चुनाव में कांग्रेस को काफी लाभ होगा। पंकज शर्मा चोचड़ा ने कहा कि वे कांग्रेस और पूर्व मँत्री अशोक अरोड़ा की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। पार्टी उन्हे जो भी जिम्मेवारी सौंपेगी वे उसे बाखूबी निभाएंगें।
इस अवसर पर इंप्रुवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, पूर्व पार्षद नरेंद्र शर्मा निंदी, पूर्व पार्षद मनु जैन, पूर्व पार्षद पवन चौधरी, पूर्व पार्षद

**दामन थामा**

**8 पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान तथा पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने पंकज शर्मा को किया कांग्रेस में शामिल**

ओमप्रकाश ओपी, पूर्व पार्षद सोहन चौधरी, कांग्रेस नेता सुभाष पाली, विवेक भारद्वाज डब्बू, कांग्रेस नेता दीपक पाराशर एडवोकेट, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव हिमांशु अरोड़ा हन्नी, युवा कांग्रेस के हल्का प्रधान ईशान शर्मा, सौरभ गर्ग व नीतिन मैहता सहित अनेक कांग्रेसियों ने पंकज शर्मा चोचडा के कांग्रेस में शामिल होने का स्वागत करते हुए इनके पार्टी में आने से कांग्रेस ओर अधिक मजबूत होगी।

# शेयर मार्केट का झांसा देकर लाखों रुपये की राशि ऐंठी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति से शेयर मार्केट में रुपये लगाकर कमाई करने व ट्रेडिंग सिखाने का झांसा देकर लाखों रुपये की राशि ऐंठने का मामला सामने आया है। ठगों ने अलग-अलग खातों में राशि को ट्रांसफर करवाया गया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाना पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
काठ मंडी ओल्ड रोहतक रोड निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि गत फरवरी 2024 में उसके मोबाइल फोन पर कॉल आई। जिसमें उसे वट्सअप एप पर शेयर मार्केट व शेयर ट्रेडिंग सिखने का निमंत्रण दिया गया। कॉलर ने खुद को एक बहुदेशिय कंपनी वानगार्ड के कर्मचारी के रूप में दिया। कहा कि उनकी कंपनी फ्री में शेयर ट्रेडिंग सिखायेगी। जिसको लेकर हर रोज 8 बजे एक घंटे की कक्षा होती थी।

**जांच जारी**

**8 पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाने में दी शिकायत, पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज**

उसके तुरंत बाद एक वट्सअप एप आया। उसने एक ग्रुप में उसके नंबर को जोड़ दिया। ग्रुप में उसकी क्लास चलने लगी। कुछ दिनों बाद उसे शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए उकसाना शुरू कर दिया। उसे बार-बार विभिन्न लालच दिए जाने लगे। उन्होंने कहा कि कंपनी शेयर बतायेगी, आप उसके जरिए रुपये उक्त कंपनी में लगाएं। कुछ दिन में शेयर 20 प्रतिशत व 30 प्रतिशत बढ़ जायेगा। उन्होंने आईपीओ के संदर्भ में बताया कि उनकी कंपनी के बताएं हुए आईपीओ में रुपये लगाएं। कुछ दिनों में रुपये दोगुना हो जायेगें। गत 9 अप्रैल को स्टार प्रोजेक्ट में पहला निवेश किया।

### मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना

**पानीपत/कमाल हुसैन:** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि राज्य सरकार ने 18वीं लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पड़ोसी राज्यों के मतदाता जो राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में कार्यरत है, को वोट डालने के लिए पेड होलीडे देने की घोषणा की है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों, निगमों के अलावा शैक्षणिक संस्थान, विभिन्न कारखाने, दुकानें, वाणिज्यिक और निजी प्रतिष्ठानों में काम करते हैं।

# 'चुनाव ड्यूटी से जुड़े कर्मचारी भी डाल सकेंगे डाक मतपत्र'

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारी और चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारी भी इस बार डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट)के जरिये वोट डाल सकेंगे। इसके लिये उन्हें फार्म 12 भरना होगा। पोस्टल बैलेट को लेकर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में बैठक ली।
उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि फार्म 12 जिला चुनाव कार्यालय की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा। इसे चुनाव आयोग की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया



जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ड्यूटी रोस्टर को देखते हुये जो कर्मचारी उनके यहां आवश्यक सेवाओं से जुड़े हैं उन्हें फार्म 12 उपलब्ध कराया जाये। पूर्ण रूप से भरे हुए इस फार्म को 3 मई तक नोडल अधिकारी के पास भिजवा दें। नोडल अधिकारी द्वारा इस फॉर्म को संबंधित एआरओ के पास भेजा जायेगा। एआरओ तथ्यों की पुष्टि के बाद इसे आरओ को प्रेषित करेगा। आरओ द्वारा बैलेट पेपर जारी किया जायेगा। बैलेट पेपर को निर्धारित तिथि पर सीलबंद लिफाफे में सुविधा केंद्र (फेसिलिटेशन सेंटर) में बॉक्स में

**बैठक**

**8 उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दहिया ने जिला सचिवालय के सभागार में बैठक ली**

डालना होगा। फैसिलिटेशन सेंटर जिला सचिवालय के साथ-साथ अन्य स्थानों पर भी बनाए जाएंगे। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ पंकज यादव एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार एसडीएम समालखा अमित कुमार एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त नरेंद्र पाल इत्यादि भी उपस्थित रहे।

### बैटरी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: मोहाना** थाना पुलिस दुकान से बैटरी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सोनू निवासी मेहराढा जींद हाल मोधारपुर पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।
गांव मोहाना निवासी मुकेश ने बताया कि उसने गांव के बस स्टैंड पर सैनी सर्विस की दुकान कर रखी है। गत 26 अप्रैल को दुकान बंद करके देर शाम आठ बजे घर चला गया। अगले दिन सुबह दुकान पर पहुंचा तो दुकान का शट्र उखड़ा हुआ पाया गया। अंदर जाकर सामान की जांच की तो एक बैटरी गायब मिली। जिसकी कीमत हजारों रुपये है। अपने स्तर पर बैटरी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अनम ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

# भाजपा नहीं करती जातिवाद: मोहनलाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सो**नीपत लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने गन्नौर और सोनीपत विधानसभा के चटिया ओल्या, सांदल खुर्द, शहजादपुर, ठरू उलदेपुर आदि गांवों में जनसंपर्क कार्यक्रम किया। जहाँ पर जनता द्वारा उन पर अपना स्नेह और आशीर्वाद बरसाया गया। फूलों की मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया` गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के चटिया ओल्या गांव में मोहन लाल बड़ौली ने अपने आदर्श यानि लोकप्रिय नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की प्रशंसा



करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने अकेले कभी ना रउ के लिए ना कभी डइउ के लिए योजना बनाई और ना हिन्दू ना मुसलमान के लिए , भाजपा सरकार सभी को सामान लेकर आगे बढ़ती है और एक साथ सब के विकास के लिए कार्य करती है` भाजपा सरकार ने देश के 140 करोड़ में से 80 करोड़ गरीबों को इढछ में दर्ज करा उनके उत्थान के लिए कार्य किया है` देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने 4 वर्गों के लिए काम किया है - नारी, युवा, गरीब और किसान।

# मंडियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 288998 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 286486 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 36436 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 112735 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 105517 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4671 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है। गत दिवस मंगलवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 8992 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 5015 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 15715 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 27902 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 12564 मीट्रिक टन आवक हुई है।

# तेज रफ्तार कैंटर ने आगे चल रही बाइक को चपेट में लिया, किशोर की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर प्याऊ मनियारी के पास तेज रफ्तार कैंटर ने आगे चल रहे दो-पहिया वाहन को चपेट में ले लिया। हादसे में दो-पहिया वाहन पर तैनात किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर आरोपित कैंटर चालक के खिलाफ

**हादसा**

**8 हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन सहित हुआ फरार, आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

मुकदमा दर्ज कर लिया है।
गांव पबसरा निवासी सतपाल ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसका लड़का यशविंद्र (16) कक्षा दसवीं में पढ़ता है। हाल में उसने दसवीं कक्षा की परीक्षा दी हुई थी। वह 10.30 बजे संजय निवासी पबसरा की बाइक पर एसी का काम सीखने के लिए घर से गया था। देर शाम उसे सूचना मिली कि करीब 3 बजे उसका लड़का सड़क हादसे का शिकार हो गया है। तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में यशविंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया।
जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी एसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि कैंटर चालक की तलाश के प्रयास किए जा रहे है।

### लाखों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-15 स्थित मकान में घुसकर तोड़फोड़ करने व लाखों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर 50 से 60 लोगों व महिलाओं पर आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मकान नंबर-120 सेक्टर-15 निवासी ज्योति ने बताया कि गत 29 अप्रैल को वह पुलिस आयुक्त कार्यालय से वेस्ट डीसीपी से शिकायत देने के लिए गई थी।

# 3 से 12 मई तक चलेगा रामानुज स्वामी उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** सामाजिक सरोकारों व अध्यात्म की अलख जगाने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में श्री रामानुज स्वामी उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 3 मई से 12 मई तक चलने वाले इस उत्सव में हिसार व अन्य क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु शिरकत करेंगे। उत्सव के दौरान हर रोज श्री रामानुज स्वामी जी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी और प्रतिदिन सायंकाल श्री रामानुज स्वामी जी की सवारी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके उपरांत श्रद्धालुओं में गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि संत रामानुज स्वामी भगवान विष्णु के अनन्य उपासक रहे हैं। भक्ति मार्ग को अपनाकर उन्होंने समाज का नई




दिशा दिखाई। रामानुज स्वामी जी ने एक दार्शनिक व विचारक के रूप में भी समाज के लिए काफी कार्य किया। दरअसल रामानुजाचार्य के रूप में प्रसिद्ध रामानुज स्वामी जी ने लोकजागरण का आधार भक्ति को ही मान्य किया और भक्ति के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक प्रयास किए। ज्ञान व भक्ति की गंगा बहाते हुए हिन्दू संस्कृति का पुनरुत्थान तथा सामाजिक जागरण का महान कार्य किया। अपनी यात्राओं के दौरान अनेक स्थानों पर उन्होंने कई जीर्ण-शीर्ण हो चुके पुराने मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया। श्री रामानुज स्वामी जी का भव्य मंदिर हिसार में लांदड़ी टोल प्लाजा के पास श्री तिरुपति बालाजी धाम में स्थापित

**श्रद्धालु**

**8 3 मई से 12 मई तक चलने वाले इस उत्सव में हिसार व अन्य क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु शिरकत करेंगे**

किया गया है। विशेष बात है कि उत्तर भारत व दक्षिण भारत को जोडे में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले श्री तिरुपति धाम में श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिर स्थापित किए गए हैं।

# कन्या प्रतिभा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य** कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, वीर भवन चौक के परिसर में कन्या प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गयो समारोह की मुख्य अतिथि भारतीय महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष एवं विद्या भारती मॉडर्न स्कूल की प्राचार्या निर्मल दत्त शर्मा रही संरक्षक बृज रानी शर्मा और प्रबंधक प्रमोद आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे वीना भाटिया और उषा गुप्ता ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे वहीं कमलेश अरोड़ा और नीतू रानी मुख्य वक्ता रहीं समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधान सुमित्रा आर्य ने की और विद्यालय की प्राचार्या



स्वीटी छिकारा ने सभी का स्वागत किय
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12 का परीक्षा में विद्यालय की कुमारी तनिषा 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही जबकि कुमारी हिमांशी 90 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दूसरे स्थान पर रही कुमारी अंजलि 88 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही मुख्य अतिथि निर्मल दत्त ने इन छात्राओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित कियो कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ समारोह संपन्न हो गया` समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि निर्मल दत्त

**सम्मान**

**8 कक्षा 12 का परीक्षा में विद्यालय की कुमारी तनिषा 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही**

ने कहा कि विद्या धन सबसे बड़ा धन होता है` विद्या के बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ हो जाता है` यदि भारत को विश्व की तीसरी बड़ी शक्ति बनाना है तो महिला वर्ग का सशक्तिकरण होना समय की सबसे बड़ी मांग है उन्होंने कहा कि आर्य जगत के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि इस विद्यालय की 65 छात्राओं ने कक्षा की इन परीक्षाओं में भाग लिया था जिनमें से 28 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की है जबकि 27 छात्राओं ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 10 छात्राएं प्रथम श्रेणी से पास हुई ऐसे आर्य शिक्षण संस्थान ही वास्तव में ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद के महिला सशक्तिकरण के सपने को साकार कर रही हैं` समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रधान सुमित्रा आर्या ने कहा कि छात्राओं को को शिक्षा के साथ-साथ पृथ्वी और पर्यावरण के संरक्षण के लिए भी कार्य करना चाहिऐ उन्होंने कहा कि भारत के ऋषि मुनियों ने प्राचीन काल से ही पृथ्वी को बचाने के लिए पेड़ काटने पर रोक लगाने और अधिक पौधा रोपण करने का संदेश दिया।

# जीएसटी विभाग का इंस्पेक्टर नौ हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: एंटी** करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने जीएसटी विभाग के इंस्पेक्टर को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इंस्पेक्टर निजी फर्म की वेरिफिकेशन करने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। शुरूआत में एक लाख रुपये की मांग की गई थी, लेकिन बाद में 10 हजार रुपये में सौदा तय किया था। इसमें से एक हजार रुपये ऑनलाइन डलवा लिए गए थे। एसीबी इंस्पेक्टर सचिव कुमार ने बताया कि रिफ केयर टेक प्राइवेट कंपनी के संस्थापक आशीष ने शिकायत दी थी कि जीएसटी विभाग के इंस्पेक्टर संदीप कुमार उनसे रिश्वत की मांग कर रहे है। उनकी फर्म के वेरिफिकेशन के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही है। जिस पर टीम का गठन किया गया। टीम ने आशीष को नौ हजार रुपये देकर सेक्टर-12 में बुलाया था। जहां पर उन्होंने इंस्पेक्टर संदीप कुमार को बुला लिया था। जब आशीष ने संदीप कुमार को रिश्वत की राशि थमाई तो टीम ने तुरंत छापा डालकर आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। टीम मामले से जुड़े तथ्य जुटा रही है। कंपनी की सीईओ गायत्री व आशीष ने बताया कि वह आईटी प्रोफेशनल है। वह कंपनी में मोबाइल सॉफ्टवेयर एप डेवलप करते है। उनकी कंपनी में आकर जीएसटी इंस्पेक्टर संदीप नरवाल ने कहा था कंपनी का जीएसटी वेरिफिकेशन नहीं कराया है।

**काबू**

**8 आरोप है कि इंस्पेक्टर निजी फर्म की वेरिफिकेशन करने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था**

# 100 से ज्यादा स्कूलों को मिली बम की धमकी

## दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, स्कूलों के बाहर हड़कंप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। बताया जा रहा है कि दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम की धमकी मिली है। जिसमें डीपीएस, एमिटी, मदर मैरी स्कूल समेत कई बड़े स्कूल शामिल हैं। बम की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस के साथ ही बम निरोधक दस्ता और अग्निशमन विभाग का दस्ता भी मौके पर पहुंचा। स्कूलों में तलाशी अभियान चलाया गया। बताया जा रहा है कि अभी तक कुछ नहीं मिला है। दमकल विभाग ने बताया कि अब तक दिल्ली फायर सर्विस को स्कूलों में बम की धमकी के संबंध में 97 से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं। वहीं, जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि ये ईमेल कहां से भेजे गए हैं। प्राथमिक जांच में जानकारी सामने आई है कि धमकी का ईमेल रूस से आया है।

**दिल्ली के कई नामी स्कूलों को आया धमकी भरा ईमेल:** दिल्ली के द्वारका में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार स्थित मदर मैरी स्कूल में भी बम की धमकी मिली। वहीं, संस्कृति स्कूल और पुष्प विहार स्थित एमिटी स्कूल को भी ईमेल के जरिए धमकी दी गई। छावला के सेंट थॉमस, सरिता विहार के जीडी गोयनका, बाबा हरिदास नगर के एवरग्रीन पब्लिक स्कूल और द्वारका के सचदेवा ग्लोबल स्कूल को भी धमकी मिली है। दिल्ली के अलावा नोएडा के दिल्ली पब्लिक स्कूल को भी धमकी भरा ईमेल मिला। जिसके बाद पुलिस से लेकर स्कूल प्रशासन अलर्ट हो गया। एहतियातन बच्चों को बाहर निकाला गया। जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। मौके पर पुलिस और बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची है। स्कूल अभिभावकों को संदेश भेज गए। प्रिंसिपल का कार्यालय की तरफ से भेजे जा रहे संदेश में बताया गया कि स्कूल को एक ईमेल प्राप्त हुआ है, जिससे छात्रों की सुरक्षा को खतरा है। एहतियात के तौर पर हम छात्रों को तुरंत घर वापस भेज रहे हैं। निजी यात्री कृपया अपने बच्चे को यथाशीघ्र संबंधित गेट से स्कूल परिसर से लेने की व्यवस्था करें। पुलिस के मुताबिक, द्वारका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें स्कूल में बम होने की बात लिखी है। एहतियात के तौर पर स्कूल को खाली करा दिया गया है। मौके पर दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दमकल की गाड़ियां पहुंची। तलाश ली गई है। हालांकि अभी तक पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा है।

**मदर मैरी स्कूल में भी आया धमकी भरा ईमेल :** वहीं, पुलिस ने बताया कि पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार स्थित मदर मैरी स्कूल में आज सुबह बम की धमकी के संबंध में एक ईमेल प्राप्त हुआ। स्कूल को खाली कराया गया और स्कूल परिसर की गहन जांच की गई।

**नई दिल्ली के संस्कृति और पुष्प विहार के एमिटी स्कूल को भी धमकी :** वहीं, संस्कृति स्कूल में आज सुबह बम की धमकी के संबंध में एक ईमेल प्राप्त हुआ। स्कूल परिसर की सघन जांच की गई। वहीं, पुष्प विहार स्थिति एमिटी स्कूल को भी ईमेल प्राप्त हुआ।

**नोएडा में दिल्ली पब्लिक स्कूल को भी आया ईमेल :** दिल्ली के अलावा नोएडा के दिल्ली पब्लिक स्कूल को भी धमकी भरा ईमेल आया। प्रिंसिपल ऑफिस ने बताया कि स्कूल को एक ईमेल मिला है जिससे छात्रों की सुरक्षा को खतरा है। एहतियात के तौर पर हम छात्रों को तुरंत घर वापस भेज रहे हैं। स्कूल की तरफ से यह जानकारी दी गई।





## रूस से भेजे गए स्कूलों को बम से उड़ाने वाले ईमेल?

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर के 100 से अधिक स्कूलों को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद खलबली मच गई। दिल्ली के कई नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। डीपीएस, मदर मैरी स्कूल और संस्कृति स्कूल जैसे नामी स्कूलों को धमकी दी गई। जांच एजेंसियों को संदेह है कि ईमेल रूस स्थित सर्वर से आया है। सूत्रों का कहना है कि सभी स्कूलों को ईमेल भेजने के लिए एक ही आईपी एड्रेस का इस्तेमाल किया गया था। दिल्ली पुलिस की साइबर टीम भी जांच में शामिल हो गई है। सूत्रों का कहना है कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि स्कूलों को धमकी भरा मेल भेजने के लिए इस्तेमाल किया गया ईमेल पता रूसी डोमेन का



था। हालांकि, पुलिस अभी तक यह पता नहीं लगा पाई है कि ईमेल वास्तव में रूस से आया था या नहीं। जैसे ही धमकियों की खबर फैली दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने एक बयान जारी कर कहा कि आज दिल्ली के कुछ स्कूलों में बम होने की झूठी कॉल-मेल आए, दिल्ली पुलिस को कहीं भी कुछ भी प्रतिकूल-संदिग्ध नहीं मिला। हमारे सभी छात्र और शिक्षक सुरक्षित हैं। सभी से अनुरोध है कि घबराएं नहीं। अभिभावकों को राहत देने के लिए यदि माता-पिता स्कूल पहुंच गए थे तो छात्रों को स्कूल से जाने की अनुमति दी गई। स्कूलों को जो ईमेल भेजे गए हैं उसमें नफरती भाषा का इस्तेमाल किया गया है। ईमेल में लिखा, 'हमारे हाथों में जो लोहा है वह हमारे दिलों को गले लगाता है। इंशाअल्लाह, हम इन्हें हवा में उड़ा कर तुम्हारे शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर देंगे। तुम्हारे घिनौने शरीरों को चीर देंगे। हम तुम्हारी गर्दन और चेहरे को फाड़ देंगे। अल्लाह की मर्जी हुई तो हम तुम्हें आग की लपटों में डाल देंगे। जिससे तुम्हारा दम घुट जाएगा। काफिरों के लिए जहन्नुम में अलग आग है।

### एक ही ईमेल से स्कूलों को धमकी भेजी गई

**पुलिस** के मुताबिक, दिल्ली के कई स्कूलों में बम की धमकी मिली है। शुरूआती जांच में ऐसा लग रहा है कि कल से अब तक कई जगहों पर ईमेल भेजा गया है। और यह एक ही पैटर्न पर लग रहा है। इस ईमेल में डेटलाइन नहीं है। एक ही ईमेल को कई जगह भेजा गया है।

डीसीपी साउथ वेस्ट रोहित मीना ने कहा, 'हमें जानकारी मिली कि सुबह करीब 4:15 बजे कई स्कूलों को एक ही ईमेल भेजा गया था। हमने कार्रवाई की और स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया। छात्रों को घर वापस भेजा गया। सभी स्कूलों में जांच चल रही है और हमारी तकनीकी शाखा ईमेल की जांच कर रही है, ऐसा लगता है कि यह एक सामूहिक ईमेल है। मैं छात्रों और अभिभावकों से शांत रहने का अनुरोध करना चाहता हूं घबराने की जरूरत नहीं है।

# दिल्ली पुलिस पूरी तरह से सशक्त : उप-राज्यपाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के स्कूलों में बम मिलने की सूचना बुधवार की सुबह जैसे ही फैली पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना मॉडल टाउन के डीएवी स्कूल पहुंचे, जहां आज सुबह बम की धमकी के संबंध में एक ईमेल प्राप्त हुआ था। दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों में बम की सूचना मिलने पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मीडिया में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि दिल्ली पुलिस पूरी तरह से तैयार है और हम किसी भी अप्रिय घटना को रोकने की कोशिश करेंगे।

उप-राज्यपाल ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने पता लगा लिया है कि ये ईमेल कहां से आ रहे हैं, वे बस इतना ही कहना चाहते हैं कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और कड़ी सजा दी जाएगी। उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि सूचना के बाद दिल्ली पुलिस बहुत जल्दी पहुंच गई और पूरे इलाके को घेर लिया गया और तलाशी अभियान चलाया गया। डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक इकाइयां भी काम कर रही हैं।

**भरोसा दिलाया**

**8 दिल्ली पुलिस पूरी तरह से तैयार है और हम किसी भी अप्रिय घटना को रोकने की कोशिश करेंगे**

दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों में बम की धमकी पर दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के स्पेशल सीपी रविंदर यादव ने मीडिया में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह दर्जनभर से अधिक स्कूलों में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। इन शिक्षण संस्थाओं को यह चेतावनी ई-मेल से दी गई। ेल कई स्कूलों को मिले हैं। कुछ अस्पतालों को भी कल ये ईमेल मिले हैं।

गहन जांच चल रही है। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड और फायर टेंडर यहां मौजूद हैं...भले ही यह एक फर्जी कॉल हो। हम जोखिम नहीं उठा सकते। हम जांच करेंगे।

# गाजे-बाजे के साथ मनोज तिवारी ने भरा नामांकन, राजनाथ भी रहे साथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनोज तिवारी ने बुधवार को नामांकन भरा। इससे पहले मनोज तिवारी ने यमुना विहार स्थित रथ वाला मंदिर में पूजा अर्चना की। उसके बाद एक बड़ी रैली निकालकर गाजे-बाजे के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे और नामांकन पत्र जमा कराया। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, दिल्ली चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा मौजूद रहे। मनोज तिवारी इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए ऐतिहासिक जीत का दावा किया। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार वे बड़े अंतर से जीतेंगे।



उन्होंने कहा कि नामांकन यात्रा में क्षेत्र की जनता का उत्साह देखने लायक था। करीब 50 हजार लोग इस रैली में शामिल हुए। दिल्लीवासियों का उत्साह बता रहा है कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली की जनता कमल का बटन दबाकर नरेन्द्र मोदी को प्रचंड बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बना रही है। नामांकन रैली में मनोज तिवारी के साथ पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा, बल्कि, यह अब दुनिया में एक दुर्जेय राष्ट्र बन गया है।

# कैंपेन सॉन्ग बैन होने को लेकर ईसी से मिलने पहुंचे आप नेता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए बनाया गया कैंपेन सॉन्ग बैन होने को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता चुनाव आयुक्त से मिलने के लिए आयोग के कार्यालय पहुंच गए हैं। पार्टी ने जेल का जबाव वोट से देंगे गाना तैयार किया था। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोकने के लिए ऐसा किया जा रहा है। इससे पहले केंद्र सरकार ने आप नेताओं पर गलत मुकदमे किए। लोकसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। ऐसा केवल उन्हें प्रचार करने से रोकने के लिए किया गया है।

# धोखाधड़ी निवेश योजना के खिलाफ चलाया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ऐप आधारित धोखाधड़ी निवेश योजना से संबंधित एक मामले की चल रही जांच में इलेक्ट्रानिक उपकरण व संदिग्ध दस्तावेज किए बरामद किए हैं। इस मामले में आगे की जांच जारी है । सीबीआई ने यह जानकारी बुधवार को दी। सीबीआई ने देश के 10 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक के 30 स्थानों की तलाशी ली। अभियान के तहत मोबाइल फोन, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, एटीएम व डेबिट कार्ड, ईमेल खाते जब्त किए हैं। सीबीआई को विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेजों सहित महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य भी हाथ लगे हैं। सीबीआई की ओर से



जारी बयान के मुताबिक शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड (दोनों निजी कंपनियां) और उनके निदेशकों पर आरोप है कि वे धोखाधड़ी वाले निवेश में शामिल थे। सीबीआई ने इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 120-बी, धारा 419, 420 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 डी के तहत मामला दर्ज किया था।

सीबीआई के मुताबिक जालसाजों पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में उनके निवेश पर भारी रिटर्न के बहाने एचपीजेड टोकन ऐप में निवेश करने के लिए कथित तौर पर एक कार्यप्रणाली का इस्तेमाल किया। इस योजना में जनता को गैर-मौजूद क्रिप्टो-मुद्रा खनन मशीन किराये में निवेश करने के लिए गुमराह किया गया था। सीबीआई के मुताबिक अब तक की जांच से पता चला है कि एचपीजेड एक ऐप-आधारित टोकन है। इस ऐप के इस्तेमाल से 150 बैंक खातों धन इकट्ठा किया गया था। इन फंडों का उपयोग शुरू में विश्वास बनाने के लिए भुगतान के लिए किया जाता था। सीबीआई के मुताबिक यह धन व राशि अवैध रूप से भारत से बाहर स्थानांतरित किया जाता था। इस राशि को अक्सर क्रिप्टोकरेंसी में परिवर्तित किया जाता था या हवाला लेनदेन के माध्यम से स्थानांतरित किया जाता था।

**तलाशी**

**8 एक मामले की चल रही जांच में इलेक्ट्रानिक उपकरण व संदिग्ध दस्तावेज किए बरामद किए हैं**

# तिहाड़ के नए महानिदेशक बने सतीश गोलचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तिहाड़ जेल के नए महानिदेशक (डायरेक्टर जनरल) सतीश गोलचा बने। गोलचा फिलहाल दिल्ली पुलिस में स्पेशल सीपी इंटेलिजेंस पद को संभाल रहे थे। साल 1992 बैच के आईपीएस अफसर गोलचा इससे पहले दिल्ली पुलिस में डीसीपी, ज्वाइंट सीपी और स्पेशल सीपी के पद पर रह चुके हैं। वहीं उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगे के समय गोलचा स्पेशल सीपी कानून व्यवस्था थे। इसके अलावा गोलचा अरुणाचल प्रदेश के डीजीपी भी रह चुके हैं। सतीश गोलचा गत दिवस 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए संजय बेनीवाल के स्थान पर तिहाड़ जेल प्रशासन के महानिदेशक बनाए गए हैं। संजय बेनवाल ने पद से निवृत्त होने के बाद कहा है कि उनका कार्यकाल अच्छा रहा। उल्लेखनीय है कि उनके कार्यकाल के अंतिम दिवसों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल भी उनके कारागार में कैदी बनकर पहुंचे थे। केजरीवाल ने सुविधाओं व अन्य कारणों से जेल प्रशासन पर अनेक आरोप लगाए थे, जिसके कारण संजय बेनीवाल काफी चर्चा में रहे। बेनीवाल ने जेल मैन्युल का नियमानुसार पालन किया और किसी विवाद का हिस्सा नहीं बने।

# कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों ने दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के बाद कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों भी इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा में उदित राज के बयान और आप-कांग्रेस गठबंधन को लेकर नाराजगी जाहिर की गई है। कांग्रेस के पूर्व विधायक नीरज बसोया और नसीब सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि आप के साथ हमारा गठबंधन जारी रहना बेहद अपमानजनक है, क्योंकि पिछले सात वर्षों में आप कई घोटालों में शामिल रही है। आप के शीर्ष तीन नेता अरविंद केजरीवाल, सत्येंद्र जैन



और मनीष सिसोदिया पहले से ही जेल में हैं। आप पर दिल्ली में शराब घोटाला और दिल्ली जल बोर्ड घोटाला जैसे कई मुद्दों पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक नसीब सिंह ने पत्र में लिखा कि आज आपने देवेंद्र यादव को डीपीसीसी प्रमुख नियुक्त किया है। उन्होंने एआईसीसी (पंजाब प्रभारी) के रूप में पंजाब में अरविंद केजरीवाल के झूठे एजेंडे पर हमला करने के लिए एक अभियान चलाया है। आज दिल्ली में उन्हें आप और उसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल की प्रशंसा और समर्थन करने का काम सौंपा जाएगा। पार्टी में हाल ही में हुए घटनाक्रम से बेहद दुखी और अपमानित होकर मैं पार्टी से इस्तीफा देता हूं। दरअसल, कांग्रेस के अध्यक्ष रहे अरविंदर सिंह लवली ने दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद से 28 अप्रैल को इस्तीफा दे दिया था।

**झटका**

**8 कांग्रेस के पूर्व विधायक नीरज बसोया और नसीब सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया**

# बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को आजीवन कारावास

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अदालत ने नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के दोषी 44 वर्षीय पिता को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा, अपराध इतना शैतानी है कि यह कम करने वाली परिस्थितियों पर भारी पड़ा। यह भी देखा गया कि आजीवन कारावास की सजा दोषी को नष्ट किए बिना सामान्य निवारक के रूप में काम करने के अलावा न्याय और समाज के हित में भी काम करेगी। पीड़िता ने 17 साल की उम्र में बच्चे को जन्म दिया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बबीता पुनिया उस व्यक्ति के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रही थीं, जिसे पहले अदालत ने दुष्कर्म और बच्चों की सुरक्षा की धारा 6 के तहत दोषी ठहराया था। अदालत ने कहा, अपराध की शैतानी प्रकृति और यह तथ्य कि पीड़िता दोषी की बेटी थी और उसकी देखभाल और सुरक्षा में थी।

**न्याय**

**8 अदालत ने नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के दोषी 44 वर्षीय पिता को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई**

# फर्जी वीडियो मामला: अब तक 8 राज्यों में 16 को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गृहमंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो के मामले में दिल्ली पुलिस ने अब तक 8 राज्यों में 16 से ज्यादा लोगों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें हरियाणा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव भी शामिल हैं। पुलिस कहना है कि फर्जी वीडियो को एक्स पर डालने वाले 25 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। काफी वीडियो डिलीट करवा दिए गए हैं, लेकिन इसके बाद भी लोग इसे एक्स पर पोस्ट कर रहे हैं। जिन लोगों ने अपने हैंडल से इसे पोस्ट किया है, पुलिस उन सभी को पूछताछ के लिए बुला रही है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की



साइबर विंग इंटेलिजेंस फ्यूजन व स्ट्रेटजिक ऑपरेशन (आईएफएसओ) के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जांच नगालैंड, झारखंड, तेलंगाना, यूपी, एमपी, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैल चुकी है। दिल्ली के ओम विहार निवासी एक व्यक्ति को भी नोटिस दिया गया है। हालांकि, इस व्यक्ति का कहना है कि उसका मोबाइल कोई और इस्तेमाल कर रहा है। नोटिस देने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें भेजी गई हैं। फर्जी वीडियो वायरल करने वाले 25 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। इनमें ज्यादातर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हैं।सभी को पूछताछ के लिए एक मई को सुबह 10:20 बजे द्वारका स्थित आईएफएसओ के ऑफिस में बुलाया गया है। सभी बुधवार को नहीं आए तो फिर से कानूनी नोटिस दिया जाएगा। जिन लोगों को नोटिस दिए गए हैं, उनसे पूछताछ कर फर्जी वीडियो प्राप्त करने का स्रोत पूछा जाएगा। इससे पुलिस को वीडियो बनाने वाले शख्स को पकड़ने में आसानी होगी।

**डॉ. हेमंत तिवारी, पुलिस उपायुक्त आईएफएसओ, स्पेशल सेल, दिल्ली पुलिस**

**सभी माध्यमों से लगाया जा रहा पता :** आईएफएसओ की टीम सोशल मीडिया के सभी माध्यमों को देखकर यह पता करने की कोशिश कर रही है कि 27 अप्रैल से किन-किन राज्यों में किन लोगों ने अब तक एक्स पर वीडियो पोस्ट किया है। पुलिस फर्जी वीडियो पोस्ट करने वालों की पहचान व नोटिस भेजने की कार्रवाई में जुटी हुई है।

**जांच जारी**

**8 पुलिस कहना है कि फर्जी वीडियो को एक्स पर डालने वाले 25 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आ चुके हैं।**

# चिढ़ाने का विरोध करने पर नाबालिग ने युवक की आंख फोड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कापसहेड़ा इलाके में चिढ़ाने से मना करने पर नाबालिग ने बीयर की बोतल से हमला कर एक युवक की आंख फोड़ दी। पीड़ित की पहचान सज्जन कुमार (18) के रूप में हुई है। उसका एम्स में इलाज चल रहा है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी नाबालिग को पकड़ कर लिया, उसे पाबंद कर छोड़ दिया गया है। सज्जन कुमार (18) अपने परिवार के साथ समालखा गांव में रहता है। वह आठवीं कक्षा में पढ़ता है। उनके पिता मंतोष कुमार मजदूरी करते हैं। सज्जन के पिता ने बताया कि 21 अप्रैल की रात उसका बेटा होटल से खाना खाकर घर की ओर आ रहा था। पड़ोस में रहने वाला एक नाबालिग गली में खड़ा था। वह अक्सर सज्जन को चिढ़ाता था। आरोपी उसे देखकर फिर से चिढ़ाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने पास ही पड़ी बीयर की बोतल को तोड़कर उस पर हमला कर दिया। पीड़ित ने हाथ से रोकने का प्रयास किया, लेकिन टूटी बोतल का कांच का टुकड़ा उसकी आंख में घुस गया। जिसके बाद से उसे दिखाई नहीं दे रहा था। वह तुरंत भागकर घर पहुंचा और उन्हें घटना के बारे में बताया। उसे लेकर तुरंत पास के निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने देखने के बाद एम्स जाने की सलाह दी। परिजनों ने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी नाबालिग है।

**इलाज जारी**

**8 चिढ़ाने से मना करने पर नाबालिग ने बीयर की बोतल से हमला कर एक युवक की आंख फोड़ दी**

# 'बाल विवाह को रोकने के लिए होंगे जागरूकता कार्यक्रम'

= बाल विवाह को रोकने बारे जागरूकता कार्यक्रम ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर किये जाने चाहिए ताकि बाल विवाह जैसी कुरीति पर पूरी तरह से रोकथाम लगाई जा सके

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** बाल विवाह को रोकने व अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाह रोकने के दृष्टिगत पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में एडीसी अपराजिता की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगराधीश विश्वजीत सिंह, जिला संरक्षण अधिकारी-कम-बाल विवाह निषेध अधिकारी अरविन्द्रजीत कौर विशेष तौर पर मौजूद रहे।
बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने उपस्थित सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत आवश्यक जानकारी दी। उन्होने यह भी बताया कि बाल विवाह को रोकने बारे जागरूकता कार्यक्रम ब्लॉक एवं



पंचायत स्तर पर किये जाने चाहिए ताकि बाल विवाह जैसी कुरीति पर पूरी तरह से रोकथाम लगाई जा सके। उन्होने बताया कि शादी के समय लडकी की आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी व लडके की आयु 21

**मंथन**

**8 शादी के समय लडकी की आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी व लडके की आयु 21 वर्ष पूर्ण होनी जरूरी है**

वर्ष पूर्ण होनी जरूरी है तथा सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि वह अपने-2 एरिया के फूल सज्जाकार, ब्यूटी पॉर्लर, मैरिज पैलेस वालों को जानकारी दें कि वह किसी भी लडकी अथवा लडके का विवाह करवाने से पहले उनके जन्म से सम्बन्धित दस्तावेज अच्छी प्रकार से चैक करें व कोई भी त्रुटि होने पर तुरन्त प्रशासन को इसकी सूचना दें। इसके अलावा उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी कहा कि वह जिला अम्बाला की सभी प्राईवेट व मान्यता प्राप्त संस्थाओं को अवगत करवाएं कि यह संस्थाएं अपने-अपने स्तर पर जो भी सामूहिक विवाह का आयोजन करवाती हैं वह लडकी व लडका की आयु से सम्बन्धित दस्तावेजों को चैक करें तथा किसी भी बाल विवाह की सूचना से प्रशासन को अवगत करवा कर सहयोग करें। बैठक में जिला संरक्षण अधिकारी-कम-बाल विवाह निषेध अधिकारी अरविन्द्रजीत कौर द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 मई को अक्षय तृतीया है, इस दिन बाल विवाह व सामूहिक बाल विवाह अधिक संख्या में होते हैं जोकि एक दंडनीय अपराध है। इस प्रकार का विवाह गैर कानूनी व अमान्य माना जाता है। ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या करने में किसी भी प्रकार से सहायता करता है उसे 2 वर्ष तक की कैद या 1 लाख रू तक का जुमार्ना हो सकता है। जिला में बाल विवाह की सूचना विभाग के कार्यालय या हैल्पलाईन न0 181 व 112 पर दे सकते हैं। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी, अम्बाला, खण्ड विकास परियोजना अधिकारी, अम्बाला, जिला विकास पंचायत अधिकारी, अम्बाला, सभी जिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, अम्बाला व सभी सुपरवाईजरस तथा आंगनवाड़ी वर्कर, चेयरपर्सन, बाल कल्याण समिति, अम्बाला तथा अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### कक्षा 12वीं की परीक्षा में गीता स्कूल की छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12 वीं कक्षा के मंगलवार को घोषित परीक्षा परिणाम में समालखा के गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने जिला में शानदार प्रदर्शन करके स्कूल व माता पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने बोर्ड परिक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा उनके अभिभावकों व स्कूल स्टाफ को बधाई दी।



उन्होंने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12 वीं कक्षा में उनके स्कूल से 89 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें से 55 बच्चों ने बोर्ड की मेरिट सूची में नाम दर्ज किया है। स्कूल प्रबंधक ने बताया कि विज्ञान संकाय की छात्रा तमन्ना ने वार्षिक परीक्षा में 98 प्रतिशत (488) अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है,जबकि वाणिज्य संकाय में छात्रा सीमा ने 97 प्रतिशत (481) अंक लेकर द्वितीय तथा कलां संकाय की दो छात्राओं अंशिका व प्रिया ने 95 प्रतिशत (475) अंकों के साथ स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

### ठंडे तेल का राजा नवरत्न, इस गर्मी में कॉमेडी किंग कपिल शर्मा और उनके गैंग के साथ और भी कूल हो जाएगा

**नई दिल्ली।** इमामी लिमिटेड का आयुर्वेदिक ठंडे तेल मार्केट में अग्रणी ब्रांड, नवरत्न इस गर्मी में एक लाफ्टर चैलेंज लेकर आया है, जिसमें कपिल शर्मा अपने लाफ्टर फैमिली मेंबर्स किकू शारदा, गौरव गेरा और सुमोना चक्रवर्ती के साथ ब्रांड में शामिल हुए हैं ।टीवी विज्ञापनों और डिजिटल कंटेंट की एक नयी श्रृंखला में, नवरत्न तेल ने कपिल शर्मा और उनके सह-कलाकारों के साथ तेल को "ठंडक का बादशाह, राहत का राजा" के रूप में प्रस्तुत किया है जो आम आदमी के सामने आने वाले दैनिक तनावों और चुनौतियों से निपटने में मदद करता है। नवरत्न तेल की दो मिनट की चंपी (सिर की मालिश) राहत और आराम देती है और " ठंडा ठंडा कूल कूल" करती है।श्री हर्षा वी.अग्रवाल, वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, इमामी लिमिटेड, ने इस यूनिक एंडोर्समेंट एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए कहा, ह्लहमें अपने ब्रांड नवरत्न आयुर्वेदिक तेल के लिए कपिल शर्मा और उनकी अनोखी टीम के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। हँसी मजाक तनाव दूर करने के लिए जाना जाता है और कपिल अपने अलग अंदाज में एक दशक से भी अधिक समय से लोगों को हंसा रहा है। नवरत्न, भारत का नंबर 1 ठंडा तेल है जो अपने लाखों ग्राहकों को दैनिक तनाव से राहत देता है, और कपिल शर्मा और उनकी टीम के बीच में एक प्राकृतिक सहजता है । हमारा दृढ़ विश्वास है कि ब्रांड मैसेजिंग का यह नया दृष्टिकोण दर्शकों को हमारी और आकर्षित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम करेगा। इस मौके पर कॉमेडियन, एक्टर, सिंगर और एंकर कपिल शर्मा ने कहा, नवरत्न आयुर्वेदिक तेल रोजमर्रा जीवन की चुनौतियों के कारण होने वाले सिरदर्द और तनाव संबंधी समस्याओं से प्रभावी राहत देता है।।



### अमेजन पे के संग कम खर्च में इन गर्मियों की छुट्टियों का आनंद लें!

**नोएडा।** गर्मियां दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं इसी के साथ वक्त है अपनी शानदार छुट्टियों की योजना बनाने का। कल्पना कीजिये : सूर्य की चमक अपने चरम पर है, लहरें सनसनी मचा रही हैं और हवा की सरसराहट में रोमांच की भीनी-भीनी महक भरी है। मगर आप अपने दिल को थाम लीजिये, क्योंकि हम आपकी छुट्टियों की योजना को अनूठा बना कर आपको हैरान करने जा रहे हैं! अमेजन पे से हम आपकी ट्रिप को बेहद आसन और मजेदार बनाने जा रहे हैं, जैसा पहले कभी नहीं रहा होगा। बुकिंग की झिकझिक और लॉजिस्टिक्स की झंझट को गुडबॉय तथा सुविधाओं एवं रोमांच से भरपूर दूनिया का इन्जांय करने के लिए तैयार हो जाइये। फ्लाइट, कैब, होटल बुकिंग से लेकर फंकी ट्रैवल गैजेट्स तक, के लिए आपकी गर्मियों की छुट्टी की शानदार योजना बनाने के लिए हमारे पास आपके लिए संपूर्ण जानकारी है। तो, करो अपना बैग पैक, सनस्क्रीन को रखो साथ, और अमेजॅन पे के संग अपने समर डेटीनेशन की योजना बनाएं! अमेजन पे की मदद से अपनी ट्रैवल टिकट बुक करें और इंटरनेशनल फ्लाइट पर 5000 रुपये तक की छूट और डोमेस्टिक फ्लाइट पर 10% तक की छूट का लाभ उठाएं।

# भाजपा प्रत्याशी बन्तो कटारिया ने भरा नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला में लोकसभा चुनाव के लिए आज पहला नामांकन दाखिल हुआ। भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत, कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुज्जर, राज्य मंत्री असीम गोयल की मौजूदगी में नामांकन भरा। हरियाणा में चुनाव की तारीख नजदीक आते ही सियासी पारा भी चढ़ने लगा है। सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतार दिए हैं। अंबाला लोकसभा सीट पर भी भाजपा-कांग्रेस समेत सभी पार्टियों के प्रत्याशी तूफानी दौरे कर लोकसभा क्षेत्र को कवर कर रहे हैं। आज भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया विजय संकल्प रैली के बाद अपना नामांकन पत्र भरा।

# श्रीराम ने दिया मर्यादा में रहने का उपदेश: तुलसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही श्रीराम कथा में कथाव्यास संत तुलसी महाराज (अयोध्या धाम) ने श्रद्धालुओं को अयोध्या कांड के अंतर्गत राम बनवास, राम-केवट मिलन, चित्रकूट में राम-लक्ष्मण-सीता का पर्णकुटी बनाकर रहना और भरत द्वारा श्रीराम की खड़ाऊ लाना इत्यादि मार्मिक प्रसंग बहुत ही सुंदर शब्दावली में सुनाए। आयोजक पंडित उमेश पाठक के सान्निध्य में युवा कांग्रेस नेता हिमांशु अरोड़ा ने श्रीराम कथा का



पूजन किया। साथ ही आदित्य सिंगला,अशोक सिंघल,अक्षय सिंघल,अमन सिंगला,अशोक गुप्ता,मोहित गर्ग,विक्की राणा,प्रेम गोयल, नवीन मित्तल,देवेंद्र सिंगला और रामस्वरूप मित्तल भी पूजन में शामिल हुए। प्रवचनों में तुलसी महाराज ने बताया कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम ने अपनी प्रत्येक लीला में संसारिक मानव को मयार्दा में रहने का उपदेश दिया है। श्री राम विष्णु के सातवें अवतार माने जाते है। उन्हें परात्पर ब्रह्म मानने वाले श्रद्धालु भी संसार में कम नहीं है। राम को ईश्वर का पर्याय माना जाता है। भारत देश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के ऐसे उज्जवलतम तत्व है, जिनके नाम के बिना सब अधूरा है। राम चरित्र में समाज, धर्म, कर्तव्य तथा राज धर्म की प्रकाष्ठा के रुप में उनका चित्रण हुआ है। जीवन के अंत समय में भी राम नाम की सत्ता मुखरित होती है। कथा के बीच-बीच में सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा में जय श्री राम और हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रीराम कथा की आरती में बी एन शर्मा,सुनील सिंगला,एम के खन्ना, दर्शन पुरी,विनोद सिंगला,विशेष गर्ग,राहुल सिंगला और अश्वनी मित्तल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन महिलाएं शामिल हुए।

# द स्टैनफोर्ड स्कूल में मनाया गया लेबर डे, बताया श्रमिक का महत्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत**
**सोमपाल सैनी :** बुधवार को द स्टैनफोर्ड स्कूल थाना खुर्द में नन्हें बच्चों द्वारा लेबर डे मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने एक्टिविटी में हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने लेबर डे को प्रदर्शित करते हुए श्रमिकों के हितों को लेकर प्रेरक संदेश दिए। इसके साथ ही बच्चों ने एक नुक्कड़ नाटक द्वारा श्रमिकों की महत्त्वता को दशार्या तथा उनका सम्मान करने का संदेश दिया। बच्चों ने श्रमिकों को समर्पित करते हुए एक बहरीन गीत भी गाया। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया और विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया ने सभी विद्यार्थियों को श्रमिक दिवस



के विषय में बताया कि आज के दिन को हम श्रमिकों के लंबे संघर्ष के लिए याद करते हैं। उचित व समान वेतन, सुरक्षित काम करने की स्थिति, संगठित होने व अपनी आवाज कार्यस्थलों, अदालतों और सरकार में सुने जाने के अधिकार

**श्रम दिवस**

**8 द स्टैनफोर्ड स्कूल में नन्हें बच्चों द्वारा लेबर डे मनाया गया। स्कूली बच्चों ने एक्टिविटी में हिस्सा लिया**

के लिए याद करते हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस आज की दुनिया के निर्माण में श्रमिकों के योगदान और बलिदान को दशार्ता है।
विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीत कुमार नैन ने बताया कि करीब 135 साल पहले अमेरिका में श्रमिकों की हालत बेहद खराब थी। उन्हें एक दिन में लगभग 15 घंटे काम करना पड़ता था। साथ ही, काम की जगह पर सफाई भी नहीं होती थी और न ही वो जगह हवादार होती थीं। इन्हीं बदतर परिस्थितियों से परेशान होकर मजदूरों ने हड़ताल करने का फैलसा किया और आज ही के दिन 1 मई 1886 को कई श्रमिक अमेरिका की सड़कों पर उतर गए और उनकी माँग थी कि काम के घंटों को 15 घंटे से घटाकर 8 घंटे किया जाए और काम की जगह में भी सुधार किए जाए। तभी से श्रमिक दिवस 1 मई को मनाया जाता है। साथ ही सभी कक्षाओं के घोषित मॉनिटर को बैज प्रदान करके उनके उत्तरदायित्व व जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया।

# शहर विधायक सुरेंद्र पंवार के कुक से घर में घुसकर मारपीट

**सोनीपत : सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में शहर से कांग्रेस पार्टी के विधायक सुरेंद्र पंवार के आवास में खाना बनाने वाले कुक से घर में घुसकर मारपीट करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मकान नंबर-26 सेक्टर 15 शहर से विधायक सुरेंद्र पंवार आवास निवासी रामू ने बताया कि गत 29 अप्रैल को करीब 11.30 बजे रात को हिमांशु रात को घर में घुस आया।

# टाटा एआईए का सोशल मीडिया कैम्पेन #वोटकरनेकोतैयार शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी, टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड ने हाल ही में एक बहुत ही अनोखा सोशल मीडिया कैम्पेन शुरू किया है - #वोटकरनेकोतैयार युवा भारतीयों को, खास कर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के लिए रजिस्टर करने और चुनाव के दिन मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टाटा एआईए ने यह कदम उठाया है। युवाओं में राष्ट्रीय जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना को जागृत और मजबूत करना, युवाओं के बीच बढ़ती जागरूकता को सामाजिक समस्याओं के निपटान के लिए उपयोग में लाना इस कैम्पेन का लक्ष्य है। #वोटकरनेकोतैयार कैम्पेन डिजिटल सैवी युवाओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। ऑनलाइन कन्टेन्ट का सबसे ज्यादा इस्तेमाल ये युवा करते हैं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर काफी सक्रीय रहते हैं। उनमें से 90% से ज्यादा इंटरनेट और सोशल मीडिया का लगातार उपयोग करते हैं। उनके इस डिजिटल जुड़ाव को नागरिक सहभागिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए चैनल करने के लिए टाटा एआईए प्रयास कर रही है और इसकी शुरूआत मतदान के लिए रजिस्टर करने के लिए प्रोत्साहित करने से की जा रही है। जेन जेड की सोच के अनुरूप डिजाइन किए गए इस कैम्पेन को ज्यादा से ज्यादा युवाओं तक पहुंचाने के लिए कन्टेन्ट को आकर्षक रखकर सभी सोशल मीडिया चैनल्स पर प्रसारित किया गया है। #वोटकरनेकोतैयार इस हैशटैग के साथ टाटा एआईए युवाओं के बीच भारत के युवा नागरिक होने के नाते सक्रीय भूमिका पर संवाद को शुरू करवाना चाहते है। टाटा एआईए की मशहूर ब्रांड थीम 'हर वक़्त के लिए तैयार' में से 'तैयारी' की संकल्पना को लेकर यह कैम्पेन युवाओं को मतदान के लिए रजिस्टर करके अपना कीमती वोट देने के लिए तैयार रहने का संदेश दे रहा है।

# अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत : क्राइम** यूनिट कुंडली पुलिस ने अवैध हिंयार की वारदात में शामिल आरोपित को रिगफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित उत्तम निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि वह बहालगढ़ चौक पर अपनी टीम के साथ मौजूद था। उसी दौरान अक्षित नाम के युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया था। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए टीम ने अमन दीप निवासी नरेला को गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

# लोहारा का सात विषयों में शत-प्रतिशत परिणाम

**शानदार प्रदर्शन**

**8 कुल 57 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी जिसमें से 54 छात्र उतीर्ण हुए जबकि 3 की कंपार्टमेंट आई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर**
**कुरुक्षेत्र:** लोहारा का सात विषयों में शत-प्रतिशत परिणाम कॉमर्स में अमृत कौर तो आर्ट्स में रजनी ने किया टॉप कुरुक्षेत्र। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारा का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्या अंजू कुमारी शर्मा ने बताया कि विद्यालय से कुल 57 विद्यार्थियों ने 12वीं की



परीक्षा दी जिसमें से 54 छात्र उतीर्ण हुए जबकि 3 की कंपार्टमेंट आई है।स्कूल के 94.74% छात्र पास हुए हैं।उन्होंने बताया कि हिंदी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, पर्यावरण, आईटी, पीएसआर व पंजाबी विषयों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने विद्यार्थियों व अध्यापकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।प्रिंसिपल अंजू कुमारी शर्मा ने बताया कि कॉमर्स में छात्रा अमृत कौर ने 461 अंक लेकर पहला, कुलदीप ने 448 अंक लेकर दूसरा व खुशी ने 447 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। आर्ट्स संकाय में रजनी ने 444 अंक लेकर पहला, कुलविंदर सिंह ने 441 अंक लेकर दूसरा व मोनिका ने 430 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 34 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत व अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि 18 छात्रों के अंक 60 से 74 फीसदी रहे हैं। प्रिंसिपल ने छात्रों को बधाई दी व उज्वल भविष्य की कामना की।

# जिले में फसल अवशेष जलाने वाले लोगों पर सैटेलाइट से रखी जायेगी नजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिले में** आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग की तरफ से सैटेलाइट से नजर रखी जा रही है। आगजनी की जगह मिलने पर उक्त स्थानों की लोकेशन कृषि विभाग को भेजी जा रही है, जहां पर फसल अवशेषों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। जिले में रबी सीजन के दौरान 9 लोकेशन कृषि विभाग के पास पहुंच गई है। सैटेलाइट से मिली लोकेशन का भौतिक सत्यापन के बाद कृषि विभाग संबंधित लोगों पर जुमार्ना भी लगा सकता है। साथ ही विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।
बता दें कि रबी सीजन की फसलों की कटाई प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। किसान खरीफ सीजन की फसलों की बिजाई व रोपाई के लिए खेतों को पूरी तरह से साफ करने की कवायद में जुट गए है। ऐसे में कुछ किसान

**तीसरी आंख**

**8 अलग-अलग स्थानों पर आगजनी की 9 लोकेशन कृषि विभाग को भेजी**
**8 विभाग की तरफ से क्षेत्र में नजर रखने के लिए टीमों का किया गठन**

> **फसल** अवशेष जलाने वाले लोगों को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। विभाग की तरफ से टीमों का गठन किया गया है। जो गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने व आगजनी की घटनाओं पर नजर रखेगी। सैटेलाइट से आगजनी की घटनाओं पर नजर रखी जा रही है। हाल में नौ लोकेशन विभाग के अधिकारियों को मिली है। जिसको लेकर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।
> **डा. पवन शर्मा, कृषि उपनिदेशक, सोनीपत**

फसल अवशेषों में आगजनी भी कर रहे हैं। ऐसे किसानों पर नकेल कसने के लिए सैटेलाइट से नजर रखी जा रही है। वहीं फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए कृषि विभाग द्वारा भी टीमों का गठन करके उन्हें फील्ड पर उतार दिया है। कृषि विभाग के साथ-साथ ग्राम सचिव व पटवारी भी संबंधित क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं पर नजर रख रहे हैं। वहीं विभाग किसानों को फसल अवशेषों में आगजनी करने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक भी कर रहा है। फसल अवशेषों में आगजनी से मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त मित्र कीट भी नष्ट हो जाते है।

**जिले में किसानों ने 1 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि पर उगाई थी गेहूं की फसल-**

कृषि विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार जिले में किसानों द्वारा 1 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि में गेहूं की फसल उगाई गई थी। मौजूदा समय में फसलों की कटाई व कढ़ाई का काम अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है।
किसानों ने इस बार बड़ी संख्या में मशीनों के माध्यम से भी गेहूं की कटाई करवाई है। इसके अतिरिक्त सरसों की कटाई व कढ़ाई का काम लगभग समाप्त हो चुका है। कृषि विभाग ने किसानों का आह्वान किया है कि वे गेहूं की मशीन से कटाई करवाने के बाद बचे हुए अवशेषों का तूड़ा बनवाए, ताकि पशुओं के लिए चारे की किसी प्रकार की कमी न रहे।

# माता-पिता को उचित टीकाकर□ कार्यक्रम का पालन करना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** इस बार विश्व टीकाकरण सप्ताह (24-30 अप्रैल) के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम (ईपीआई) की 50वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। भारत में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के माध्यम से 90% से अधिक बच्चों तक टीकाकरण का विस्तार करने में सफलता मिली है। 1-2 वर्ष की आयु के बच्चों को कई बीमारियों से बचाने में टीकाकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीकाकरण से वर्ष 2000 से 2019 के बीच निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में बचपन में हो जाने वाली 3.7 करोड़ असमय मौतों को रोकने में सफलता मिली। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) इस आयु वर्ग के बच्चों के लिए सात टीकाकरणों* की सिफारिश करता है। इनमें वैरिसेला एवं हेपेटाइटिस ए की पहली व दूसरी खुराक, मेनिनजाइटिस# एवं एमएमआर की दूसरी खुराक, पीसीवी एवं डीटीपी हिब आईपीवी की बूस्टर खुराक और फ्लू की वार्षिक खुराक शामिल हैं। गुड़गांव के मदरहुड हॉस्पिटल में मेडिकल डायरेक्टर (नियोनेटोलॉजी एंड पीडियाट्रिक्स) डॉ. संजय वजीर कहते हैं वर्तमान समय में माता-पिता अच्छी तरह से जानते हैं कि टीकाकरण उनके बच्चे के लिए एक सुरक्षा कवच है। लेकिन उन्हें पूर्ण टीकाकरण कराने के महत्व को समझने की जरूरत है। जानकारी से परिपूर्ण रहकर और डॉक्टरों के साथ से हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि स्वस्थ एवं खुशहाल भविष्य के लिए सभी बच्चों का नियमित टीकाकरण हो। इस विश्व टीकाकरण सप्ताह में मैं सभी माता-पिता से आग्रह करता हूं कि वे अपने बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारीपूर्ण निर्णय लेने के लिए अपने डॉक्टरों से संवाद करते रहें।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 02 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## कुणाल ने की भाजपा उम्मीदवार की प्रशंसा

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने कुणाल घोष को पार्टी के महासचिव पद से हटा दिया है। डेरेक ओ ब्रायन के हस्ताक्षर के साथ बुधवार को जारी एक बयान में तृणमूल ने घोषणा की है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों और बयानों की वजह से कुणाल घोष को महासचिव के पद से हटाया गया है। इसमें यह भी लिखा गया है कि उन्हें पार्टी प्रवक्ता के पद से पहले ही हटा दिया गया था। डेरेक ओ ब्रायन ने कहा है कि मीडिया को पार्टी से संबंधित किसी भी बयान के लिए कुणाल से संपर्क नहीं करना है। ऐसा करने पर मीडिया हाउस के खिलाफ लीगल एक्शन लिया जाएगा।

## मुर्शिदाबाद: बम बरामद होने से हड़कंप

**बहरमपुर:** मुर्शिदाबाद में बुधवार सुबह बम बरामद होने से हड़कंप मच गया। नवग्राम थाना क्षेत्र के मुहुरुल ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्रामदिघी इलाके में राजमार्ग के किनारे झाड़ी में एक प्लास्टिक बैग पड़ा मिला। इसे खोलने पर बम दिखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और इलाके को घेर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बैग में काफी संख्या में ताजा बम थे। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह बहरमपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग पांच स्थानों से ताजा बम बरामद किए गए हैं। प्रशासन को भारी मात्रा में विस्फोटकों की बरामदगी से चुनाव के दौरान राजनीतिक हिंसा का संदेह है।

## विपक्ष की निष्क्रियता से मतदान प्रतिशत में आई गिरावट: भूपेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**

आजमगढ़: जिले में छठवें चरण में होने वाले मतदान के लिए आजमगढ़ व लालगंज सुरक्षित सीट के भाजपा प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, एमएलसी दारा सिंह चौहान सहित अन्य नेता मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दो चरणों में संपन्न हुए मतदान में विपक्ष की कोई गतिविधि नहीं दिखी। इसलिए मतदान प्रतिशत कम हुआ है। उन्होंने दावा किया वह पीएम के चार सौ के पार के लक्ष्य को पूरा करने का काम कर रहे हैं। भाजपा के आजमगढ़ के प्रत्याशी दिनेश लाल यादव व लालगंज की प्रत्याशी नीलम सोनकर ने बुधवार को तीखी धूप के बीच रोड शो करते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। दोनों प्रत्याशियों ने अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन कक्ष में पहुंचकर नामांकन किया। नामांकन के बाद बाहर निकले भाजपा के आजमगढ व लालगंज लोकसभा के प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि इस बार हम पीएम मोदी के 400 के लक्ष्य को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार मतदान का प्रतिशत जो कम हो रहा है उसके लिए विपक्ष जिम्मेदार है। कांग्रेस, सपा और बसपा के लोग चुनाव के पहले किसी भी प्रकार का रोड शो एवं रैलियों से परहेज करते रहे हैं। इस कारण उनके मतदाता मतदान करने के लिए बाहर नहीं निकल रहे हैं। इसलिए दो चरणों में सपन्न हुए लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा। 2019 में आजमगढ़ में एक भी सीट न मिलने के सवाल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम लोग समीक्षा करते हैं।

# डायनासोर की तरह धरती से गायब हो जाएगी कांग्रेस : राजनाथ

जोरदार हमला

8 दस साल बाद बच्चों से कांग्रेस और सपा के बारे में पूछा जाएगा तो वे कहेंगे कौन कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया**

**आंवला:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि धरती से जिस प्रकार डायनासोर गायब हो गया है, उसी प्रकार कांग्रेस भी गायब हो जाएगी। राहुल गांधी की तो पूछो ही नहीं, उनका राग अलग ही होता है। दस साल बाद बच्चों से कांग्रेस और सपा के बारे में पूछा जाएगा तो वे कहेंगे कौन कांग्रेस। सपा तो अब समाप्त पार्टी हो गई है। रक्षा मंत्री सिंह ने बुधवार को आंवला में चुनावी जनसभा में कहा कि मैं यह नहीं कहता कि हमारे अलावा किसी अन्य पार्टियों की सरकारों ने कुछ किया ही नहीं है, सभी सराकरों ने कुछ न कुछ देश के विकास में योगदान दिया है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 10 वर्षों में सबसे अलग और सबसे अच्छा किया है। प्रधानमंत्री मोदी देश की जनता हो या वैज्ञानिक, सबका उत्साहवर्धन करते हैं। उनके साथ खड़े दिखाई देते हैं। याद कीजिए जब चंद्रयान का सफल परीक्षण नहीं हो पाया तो प्रधानमंत्री मोदी अल सुबह ही वैज्ञानिकों के बीच पहुंच गए। उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि घबराइए नहीं, जो भी पैसा खर्च होगा, किया जाएगा लेकिन दक्षिण पोल पर भारत का परचम फहरेगा। वही हुआ। आज भारत अकेला देश है जो चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि धर्मेन्द्र कश्यप को आप लोग समर्थन दीजिए। इन्हें जिता कर संसद भेजिए। यहां आप लोगों के बीच और संसद में भी कश्यम अच्छा बोलते हैं।

## बाबा साहब के संविधान से चलता है देश: अनुराग


**टीम एक्शन इंडिया**

**बस्ती:** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हरीश द्विवेदी के नामांकन से पूर्व कप्तानगंज में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस मौत के बाद भी टैक्स वसूलने की योजना बना रही है। कांग्रेस का जनाधार जनता के बीच से समाप्त हो चुका है। भाजपा की मोदी सरकार तीसरी बार भारी बहुमत से विजय हासिल कर रही है। ऐसे में विपक्षी पार्टियां अनेकों प्रकार के झूठे वादे कर जनता को भ्रमित कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ लोग जिहाद की बात कर रहे हैं। यह देश किसी फतवे और फरमान से नहीं बल्कि बाबा साहब के संविधान से चलता है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ सबका विकास से



चलता है। फतवे और जिहाद के दिन चले गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूर्व में रही समाजवादी पार्टी की सरकार द्वारा ईमानदार अधिकारियों को परेशान करने व जेल में डालने का कार्य किया गया। अपने को जमीनी नेता कहने वाले लोग अपनी ही जमीन साफ कर दिए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि देश के टुकड़े करने वाले को अपना उम्मीदवार बनाकर देश को बांटने का काम कांग्रेस कर रही है। देश की जनता उन्हें कामयाब नहीं होने देगी। ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी वरासत टैक्स के नाम पर जनता से कितना टैक्स वसूलेंगे, यह उन्हें बताना चाहिए। महिलाओं से स्त्री धन टैक्स कितना वसूलेंगे, वह स्पष्ट करना चाहिए। बिना किसी मापदण्ड से टैक्स की बात करना बचकानी हरकत है। उन्होंने कहा कि राम भक्तों पर गोली चलाने वाले, देशभक्तों को अपमानित करने वालों के साथ ही देश और प्रदेश को बांटने वालों को जनता ने सिरे से नकार दिया है। जनता का विश्वास सिर्फ मोदी हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में हम लोग 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेंगे। कप्तानगंज में जनसभा करने के बाद अनुराग ठाकुर ने सांसद उम्मीदवार हरीश द्विवेदी के साथ नामांकन स्थल पर भी पहुंचे। योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद, अपना दल नेता व मंत्री अशीष पटेल और मंत्री दारा सिंह चौहान मौजूद रहे।

## 'रामजी की शरण में चादर चढ़ाने वाले नेता भी आएंगे'



**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचकर रामलला का दर्शन किए। राम मंदिर से निकलने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि चादर चढ़ाने वाले नेताओं को भी रामजी की शरण में आना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना' को हमलोग आगे बढ़ाते रहे हैं। भारत को और आगे बढ़ाने के लिए हम सब प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कहा कि राम जी के आशीर्वाद से विकसित भारत का निर्माण करेंगे और जो राम जी को लायें हैं जनता उनको लायेगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जो लोग राम जी के अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह उठाते रहे, राम सेतु पर प्रश्नचिन्ह उठाते रहे, अपनी पार्टी के वकील को रामलला का मुकदमा हराने के लिए खड़ा करते रहे। जिनका लगातार प्रयास रहा कि राम मंदिर न बनें, वह राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भी नजर नहीं आये। उसके बाद भी नजर नहीं आये, ऐसे नेताओं से मैं कहूंगा कि जितनी

दावा

8 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना' को हमलोग आगे बढ़ाते रहे हैं हम सब प्रयास करेंगे: अनुराग

मर्जी चादरें चढ़ा लो, रामजी के शरण में ही आना पड़ेगा। रामलला का दर्शन करने के बाद केन्द्रीय मंत्री भावुक होकर अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर पोस्ट किया।

राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे।
सहस्त्रनाम तत्तुल्यं राम नाम वरानने॥

उन्होंने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' पर दिए संदेश में लिखा है कि धर्मनगरी अयोध्या में दिव्य-भव्य राम मंदिर में विराजमान प्रभु रामलला के दर्शन-पूजन-अर्चन कर मन अत्यंत भावुक और आह्लादित है। पीढ़ियों का संघर्ष, प्रतीक्षा और त्याग ने राममंदिर के रूप में इतना सुन्दर आकार लिया जिसका वर्णन शब्दों में करना असंभव है।

## भाजपा सरकार संविधान बदलना चाहती है : मुकेश सहनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**अररिया:** अररिया के भरगामा प्रखंड के वीरनागर विषहरिया में इंडी एलायंस के राजद प्रत्याशी के समर्थन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद के साथ वीआईपी के मुकेश कुमार सहनी ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। वीआईपी सुप्रीमो मुकेश कुमार सहनी ने अपने संविधान में एनडीए के साथ भाजपा को निशाने पर लिया और कहा कि भाजपा सरकार देश को आजादी के बाद बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की ओर से बनाए गए संविधान को बदलना चाहती है।भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को समाप्त करने पर जुटी है। चुने हुए विपक्ष के मंत्री और मुख्यमंत्री को जेल भिजवा देने का काम करती है।

## गरीबों के साथ मजाक कर रही भाजपा सरकार: अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**इटावा:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शिवपाल यादव की विधानसभा जसवंतनगर में जनसभा को संबोधित किया जनसभा संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय आपदा में अवसर का नारा देने वाले लोगों की पोल खुल गई है। कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी भाजपा के लोगों ने चंदा लेकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ होने दिया। आज वह कंपनी कोर्ट के कठघरे में खड़ी है और उस वैक्सीन से लोगों में हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज की बीमारियां बढ़ रही हैं।



जसवंतनगर में जनसभा को संबोधित करते अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह लोग सब कुछ प्राइवेट करते चले जा रहे हैं। हर विभाग में आउटसोर्स से भर्ती हो रही है और जो भर्ती सरकार कर रही है, उनके पेपर लीक करवा रही है ताकि भर्तियां न करनी पड़ जाए। गरीब, किसान बेरोजगार लोगों ने बैंक में सोना रखकर कर्ज लिया है। देश में महंगाई से परेशान गृहिणी महिलाएं भी अब भारतीय जनता पार्टी से परेशान हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यह लोग सब कुछ उल्टा पुल्टा कर चुके हैं। इस बार यह लोग सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे। भाजपा ने एक दिन फैसला लिया और नोटबंदी कर दी और लोगों को बैंक की लाइनों में खड़ा कर दिया और फिर फौज की नौकरी भी चार साल की कर दी । आगे पता नहीं, हो सकता है पुलिस की भर्ती में भी तीन साल की नौकरी कर दे। उन्होंने कहा कि दो चरणों के चुनाव में भाजपा के लोग और उनके साथी बहुत पीछे छूट गए हैं इसलिए उन्होंने अपना चार सौ पार का नारा भी बदल दिया है। यह लोग सबको जबरदस्ती कोरोना की वैक्सीन लगवा रहे थे अब तो बात खुल गई।

पोल खोली

8 कोरोना के समय आपदा में अवसर का नारा देने वाले लोगों की पोल खुल गई है: अखिलेश यादव

## भाजपा चंदे के प्रति थी संवेदशील: धर्मेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**आजमगढ़:** समाजवादी पार्टी(सपा) के आजमगढ़ व लालगंज सीट के प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान आजमगढ़ सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में सपा के गठन के बाद जो पश्चिम में हम आज तक सीटे नहीं जीत सके थे वे भी जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि छठे चरण तक इंडी गठबंधन की आंधी होगी। उन्होंने कहा कि मतदान कम हो रहा है इसका कारण लोगों में सरकार के प्रति निराशा है। बुधवार को एक तरफ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा के प्रत्याशियों ने नामांकन किया तो वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी से आजमगढ़ के प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव व लालगंज सुरक्षित सीट से दरोगा प्रसाद सरोज ने गांधी प्रतिमा पर माल्यापर्ण के बाद नामांकन किया। नामांकन के बाद बाहर निकले सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव ने नेताजी मुलायम सिंह यादव को नमन करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष सहित पार्टी के समस्त नेताओं को अभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भेजा है। आजमगढ़ के राजनैतिक साथियों ने मुझे यहां बुलाया है।



## 2024 में पीएम मोदी की चल रही सुनामी: केशव



**टीम एक्शन इंडिया**

**कौशांबी:** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को बीजेपी उम्मीदवार व सांसद विनोद सोनकर के नामांकन में शामिल हुए। भाजपा प्रत्याशी ने सवा 12 बजे अपना नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कौशांबी समेत सभी लोकसभा की सीटें भाजपा जीतने जा रही है। साल 2014 में मोदी नाम की लहर थी, 2019 में आंधी आई और इस बार मोदी की सुनामी चल रही है। आरक्षण खत्म करने के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा, आरक्षण राहुल गांधी के पिता उनकी दादी9दादी नहीं खत्म कर सके तो इस समय मोदी के रहते आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता, हम सब बाबा साहब के अनुयायी हैं। संविधान को साक्षी मानकर देश और प्रदेश में सरकार चला रहे हैं। 4 जून 4 बजे 400 पार के नारे के साथ एक बार फिर मोदी की सरकार नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि वह साल 2014 से नारे लगा रहे हैं। उनका नारा सच साबित नहीं हो सका। जो नारा बीजेपी ने दिया वही सच और सिद्ध है।

देश की वैक्सीन को लेकर शुरू हुए विवाद के मामले पर डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने टिप्पणी करते हुए कहा कि उनका बयान आधिकारिक के रूप से तो नहीं है, लेकिन देश की रक्षा के लिए जो वैक्सीन वैज्ञानिकों ने बनाई, उसका वह सम्मान करते हैं।

दावा

8 2014 में मोदी की लहर, 2019 में आंधी और 2024 में चल रही है सुनामी: केशव प्रसाद मौर्य

## प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा से भाजपा के दोनों प्रत्याशियों नीरज त्रिपाठी (इलाहाबाद) और प्रवीण पटेल (फूलपुर) ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। दोनों के नामांकन जुलूस में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आने की चर्चा थी लेकिन वह नहीं पहुंच पाए। कौशाम्बी सीट से विनोद सोनकर ने भी नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। उनके साथ केशव प्रसाद मौर्य मौजूद रहे। इलाहाबाद संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी एवं फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल अपनी धर्मपत्नी गोल्डी पटेल एवं बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। दोनों प्रत्याशियों ने रिटर्निंग आफिसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। इसके पूर्व भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक आजाद पार्क के सामने पहुंच गए थे। वहीं से भाजपा का जुलूस पूरे लाव लश्कर के साथ निकला। रास्ते भर नारेबाजी चलती रही, जय श्रीराम के नारे लग रहे थे। उल्लेखनीय कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में नामांकन होना था। किसी कारण से डिप्टी सीएम नहीं पहुंच सके। जबकि शुभ मुहूर्त में नामांकन होना था।

## सीएम धामी कई राज्यों में करेंगे चुनावा सभाएं: महेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**



**देहरादून:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने यहां बुधवार को कहा कि जिस तरीके से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक के बाद एक कड़े फैसले लिए हैं, उससे उनकी लोकप्रियता बढ़ी है। आने वाले दिनों में पार्टी धामी को अन्य राज्यों में चुनावी दौरों पर भेज रही है। उन्होंने बतायाकि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की पहल और सख्त नकलरोधी कानून जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर देशभर में चर्चा आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भाजपा नेतृत्व इस लोकसभा चुनाव में भरपूर उपयोग कर रहा है। पार्टी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को राष्ट्रीय स्तर पर स्टार प्रचारकों में शामिल किया है। मुख्यमंत्री एक सप्ताह तक पश्चिम बंगाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में एक के बाद चुनावी रैलियां संबोधित करेंगे।

धरोहर

### केदारखंड के बाद मानसखंड श्रृंखला में कुमाऊं की ऐतिहासिक धरोहरों को विश्व पटल पर पहचान मिलेगी

## विश्व पटल पर उभरेगा देश-दुनिया की नजरों से ओझल मानसखंड

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** देवभूमि उत्तराखंड आस्था के साथ तीर्थाटन-पर्यटन और आर्थिकी का आधार है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) और उत्तराखंड सरकार के प्रयास से केदारखंड के बाद मानसखंड श्रृंखला में कुमाऊं की ऐतिहासिक धरोहरों को विश्व पटल पर पहचान मिलेगी। इससे धार्मिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ उत्तराखंड की आर्थिकी भी उड़ान भरेगी।

साथ ही पर्यटकों को उत्तराखंड के नए दर्शनीय स्थल



भी दिखने को मिलेंगे। देवभूमि उत्तराखंड की सुरम्य वादियों की सैर सहित धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के लिए रेलवे ने मानसखंड एक्सप्रेस (भारत गौरव ट्रेन) का संचालन प्रारंभ किया है। इसके जरिए घरेलू पर्यटकों के साथ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से अवगत कराया जाएगा। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की यह अनूठी पहल भारत में अपनी तरह का प्रथम प्रयास है। इसमें पर्यटक ट्रेन के माध्यम से अल्पज्ञात स्थलों में पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

गतिविधियां

8 धार्मिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ उत्तराखंड की आर्थिकी भी उड़ान भरेगी

**22 मई को पुणे से अगली यात्रा की तैयारी:** उत्तराखंड टूरिज्म के मुताबिक प्राचीन भारतीय ग्रंथों के अनुसार उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र को मानसखंड के नाम से जाना जाता है। इसमें कई मंदिर, हेरिटेज स्थल शामिल हैं जबकि कुछ ऐसे स्थल हैं, जिनके बारे में कई टूरिस्ट को काफी कम जानकारी है। टूरिस्ट को इनकी जानकारी देने के लिए मानसखंड एक्सप्रेस विशेष ट्रेन की शुरूआत की गई है। पहली यात्रा 22 अप्रैल को शुरू हुई थी। पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने पुणे से अगली यात्रा 22 मई को संचालित करने की योजना बनाई है।

## 15 अगस्त को देश के एक करोड़ बेरोजगारों को दी जायेगी सरकारी नौकरी: तेजस्वी

**टीम एक्शन इंडिया**

**अररिया: बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी** प्रसाद ने अररिया के वीरनगर विषहरिया में राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम के पक्ष में बुधवार को चुनावी जनसभा को संबोधित किया।भारी भीड़ के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने अपने संबोधन में भाजपा और एनडीए नेताओं को आड़े हाथ लिया और प्रधानमंत्री समेत भाजपा पर जमकर बरसे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। चुनाव देश को बचाने और बनाने का चुनाव है। देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के साथ-साथ



गंगा जमुनी तहजीब बचाने का यह चुनाव है। उन्होंने भाजपा सांसद पर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा सांसद जीतकर जाने के बाद दोबारा नहीं आते हैं।राज्य और केंद्र सरकार में भाजपा की सरकार है लेकिन वे केवल लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं। आज देश का सबसे बड़ा दुश्मन बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई है लेकिन प्रधानमंत्री महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं वे केवल हिंदू मुसलमान के बीच झगड़ा लगाकर दस वर्षों से राज करने का काम कर रहे हैं। तेजस्वी प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठा प्रधानमंत्री करार दिया और कहा कि वह गोबर को भी हलवा बना देते हैं।